RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच



पेज 7 कैलिफोर्निया हवेली से बाहर...

वर्ष : 26 | अंक : 45 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, सोमवार, 05 फरवरी, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8

# किसानों के लिए खुला योगी सरकार का पिटारा

## योगी सरकार ने पेश किया 7,36,437.71 लाख करोड़ का बजट



**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के दूसरे कार्यकाल का तीसरा बजट आज वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने पेश किया। करीब 7.36 लाख करोड़ से अधिक के बजट में योगी सरकार ने किसानों के लिए भी अपना पिटारा खोला है। योगी सरकार के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने अपने बजट भाषण में कहा कि प्रदेश की सरकार किसानों के उत्थान के लिए संकल्पित है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने डार्क जोन में नये निजी नलकूप कनेक्शन देने पर लगे प्रतिबन्ध को हटा लिया है। जिससे लगभग एक लाख किसानों को सीधा फायदा हुआ।

वित्त मंत्री ने कहा कि बुन्देलखण्ड क्षेत्र में एकल रबी फसल की सिंचाई हेतु सीजनल टैरिफ का लाभ और अस्थाई विद्युत संयोजन की सुविधा प्रदान की गई। साल 2023-2024 में माह अक्टूबर, 2023 तक लगभग 37 लाख किसान क्रेडिट कार्ड का वितरण कराया गया।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत 2022-2023 के लगभग 10 लाख बीमित कृषकों को माह अक्टूबर, 2023 तक 831 करोड़ रूपये की क्षतिपूर्ति का भुगतान किया गया।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अन्तर्गत दिसम्बर, 2023 तक लगभग 63,000 करोड़ रूपये की धनराशि डीबीटी के माध्यम से 2 करोड़ 62 लाख कृषकों के खातों में हस्तान्तरित की गई।

प्रधानमंत्री किसान मान-धन योजना के अन्तर्गत प्रदेश के लघु एवं सीमांत कृषकों को 60 वर्ष की आयु प्राप्त करने पर पुरूष और महिला दोनों के लिए 3000 रूपये की सुनिश्चित मासिक पेंशन प्रदान की जा रही है।

वर्तमान सरकार द्वारा वर्ष 2017 से 29 जनवरी, 2024 तक लगभग 46 लाख गन्ना किसानों को 2 लाख 33 हजार 793 करोड़ रूपये से अधिक का रिकार्ड गन्ना मूल्य भुगतान कराया गया।

पेराई सत्र 2023-2024 के लिये गन्ने की अगेती प्रजाति का मूल्य 350 रूपये से बढ़ाकर 370 रूपये, सामान्य प्रजाति का 340 रूपये से बढ़ाकर 360 रूपये तथा अनुपयुक्त प्रजाति का मूल्य 335 रूपये से बढ़ाकर 355 रूपये प्रति कुन्तल हो गया है।

प्रदेश में कुल प्रतिवेदित क्षेत्रफल 241.70 लाख हेक्टेयर है, जिसमें 160.95 लाख हेक्टेयर में खेती की जाती है। प्रदेश में कृषि क्षेत्र की विकास दर 5.1 प्रतिशत प्राप्त करने का लक्ष्य है। कृषकों के निजी नलकूपों को रियायती दरों पर विद्युत आपूर्ति हेतु 2400 करोड़ रूपये की व्यवस्था प्रस्तावित है, जो वर्तमान वित्तीय वर्ष की तुलना में 25 प्रतिशत अधिक है।

वर्तमान पेराई सत्र 2023-2024 में 29.66 लाख हेक्टेयर में गन्ने की खेती और चीनी का उत्पादन 110 लाख टन से अधिक होने का अनुमान है।

प्रदेश में औसत गन्ना उत्पादकता 72 मीट्रिक टन प्रति हेक्टेयर से बढ़कर 84 मीट्रिक टन प्रति हेक्टेयर हो गई है। गन्ने के साथ सहफसली खेती का आच्छादन बढ़ने से कृषकों को 25 प्रतिशत की अतिरिक्त आमदनी हुई। (शेष पृष्ठ-3 पर)

### आज का बजट प्रभु श्रीराम को समर्पित : योगी

"उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, हमारी सरकार का ये आठवां बजट है... प्रत्येक बजट में हमने अपनी किसी थीम को लेकर प्रदेश के लोकमंगल के लिए उस बजट को प्रस्तुत किया है। हमारा पहला जो बजट था... वह प्रदेश के किसानों को समर्पित था... आज का जो बजट है वह प्रभु श्री राम को समर्पित करते हुए लोकमंगल की भावना को समर्पित किया गया है।

### नोएडा के जेवर में दक्षिण एशिया का सबसे बड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा

"वित्त मंत्री ने कहा कि अटल पेंशन योजनान्तर्गत अब तक प्रदेश में 1 करोड़ 18 लाख नामांकन का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा है। विश्व स्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने में उत्तर प्रदेश ने उल्लेखनीय प्रगति की है। राज्य में विकसित हो रही वायु, जल, सड़क एवं रेल नेटवर्क की कनेक्टिविटी से राज्य के उद्योगों में मैन्युफैक्चरिंग इकाईयों को अपने माल के परिवहन में सुविधा उपलब्ध होगी जिससे प्रदेश से निर्यात बढ़ेगा। महर्षि वाल्मीकि अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के लोकार्पण से प्रदेश में चार अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे संचालित हैं। शीघ्र ही नोएडा के जेवर में दक्षिण एशिया का सबसे बड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा प्रारम्भ होने वाला है। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश पांच अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डों वाला भारत का एकमात्र राज्य बन जाएगा। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस रैंकिंग एवं विभिन्न राज्यों में लॉजिस्टिक्स की सुलभता (लीड्स-2023) रैंकिंग में उत्तर प्रदेश ने 'अचीवर्स' की श्रेणी प्राप्त की है।

## किशोर व महिला ने फांसी लगाकर जान दी

**नोएडा (चेतना मंच)।** कन्नौज से अपने पिता के पास कासना आए (14 वर्षीय) किशोर ने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वहीं थाना सूरजपुर क्षेत्र में एक महिला ने फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिले हैं।

मूल रूप से कन्नौज निवासी धरमू कासना के कालीचरण मार्केट में किराए पर रह रहा है। बीते दिनों उसका (14 वर्षीय) बेटा देवेंद्र उसके पास आया था। रविवार को धर्म किसी काम से बाहर चला गया था। घर पर उसका बेटा देवेंद्र अकेला था कुछ देर बाद जब धर्म कमरे पर लौटा तो उसे देवेंद्र फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला। धरमू ने किसी तरह पड़ोसियों की मदद से उसे नीचे उतारा। लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची थाना कासना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। थाना प्रभारी ने बताया कि किशोर ने आत्महत्या क्यों की है इसका खुलासा नहीं हो पाया है। परिजन भी कोई खास जानकारी नहीं दे पा रहे हैं। वहीं थाना सूरजपुर क्षेत्र के खेड़ा भूड़ कॉलोनी में धर्मपाल के मकान पर किराए पर रहने वाले सुमन विश्वास की पत्नी प्रीति ने अपने कमरे में चुन्नी से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## दो अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरफ्तार चोरी की 5 बाइक व असलाहा बरामद

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर-63 पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान दो अंतरराज्यीय वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से चोरी की पांच बाइक, तमंचा, कारतूस व चाकू बरामद हुआ है। पकड़े गए आरोपी दो पहिया वाहनों को चोरी करने के बाद उन्हें पार्किंग में खड़ा कर देते थे।

थाना प्रभारी अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि पुलिस टीम इनफील्ड तिराहे के पास चेकिंग कर रही थी। इस दौरान एफजेड बाइक पर आ रहे दो युवकों को पुलिस ने जांच के लिए रोका। पुलिस को देखकर दोनों सकपका गए। संदेह के आधार पर उनकी तलाशी ली गई तो उनके पास से तमंचा, कारतूस और एक चाकू बरामद हुआ। पूछताछ में बाइक सवारों ने अपने नाम बादल यादव व मनीष कुमार निवासी नवादा बताते हुए स्वीकार किया कि उक्त बाइक चोरी की है। उन्होंने इस बाइक को थाना सेक्टर-58 क्षेत्र से चोरी किया था।

दोनों आरोपियों से सख्ती से पूछताछ की गई तो उन्होंने वाहन चोरी की कई और घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किया। दोनों आरोपियों के निशानदेही पर डी ब्लॉक की पार्किंग से एक बुलेट, दो स्प्लेंडर सहित 4 बाईकें और बरामद की गई। थाना प्रभारी ने बताया कि पकड़ा गया (शेष पृष्ठ-3 पर)

## 18.7 लाख रुपये भी ले लिये फ्लैट की रजिस्ट्री नहीं की

### दो भाइयों समेत तीन पर मुकदमा

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा के सेक्टर 113 स्थित सुपरटेक नॉर्थ आई में फ्लैट बेचने के नाम पर तीन लोगों ने एक व्यक्ति से लाखों रुपए हड़प लिए। पैसे वापस मांगने पर आरोपियों ने पीड़ित के साथ गाली गलौज और मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। न्यायालय के निर्देश पर दो सगे भाइयों सहित तीन आरोपियों के खिलाफ थाना सेक्टर-113 में मुकदमा दर्ज किया गया है। नरेला नई दिल्ली निवासी राहुल ने पुलिस से की शिकायत में बताया कि वह संयुक्त अरब अमीरात में नौकरी करता है। वर्ष 2014 में उसके पड़ोस में रहने वाले कुश शर्मा व लव शर्मा से मुलाकात हुई। दोनों भाइयों ने बताया कि उनके पड़ोस में रहने वाला नरेंद्र कुमार नोएडा के सेक्टर 113 स्थित सुपरटेक नॉर्थ आई में अपना एक फ्लैट बेचना चाह रहा है। इसके बाद वह तीनों लोगों के साथ नोएडा आए और फ्लैट देखने के बाद उसे खरीदने का सौदा किया। फ्लैट का सौदा 25 लाख रुपए में तय हुआ और उसने बतौर बयाने के 5 लाख रुपए दे दिए। इसके बाद उसने नरेंद्र को 1370000 उसके खाते में ट्रांसफर किया पैसे देने के बाद उसने फ्लैट की रजिस्ट्री करने को कहा तो आरोपियों ने लॉकडाउन लगा होने की बात कह कर टाल दिया। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी 7 को नोएडा में


### अर्पित मिश्रा रचित 'काव्यांजलि' का करेंगी विमोचन

**नोएडा( चेतना मंच )।** केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास तथा अल्पसंख्यक मामलों की मंत्री स्मृति ईरानी 7 फरवरी को नोएडा आएंगी। वे सेक्टर-62 स्थित दिल्ली मेट्रोपोलिटन एजुकेशन कॉलेज में अर्पित मिश्रा द्वारा चरित काव्य संग्रह काव्यांजलि का विमोचन करेंगी।



बता दें कि अर्पित मिश्रा भारतीय जनता पार्टी के युवा मोर्चा के गौतमबुद्धनगर के जिला मीडिया प्रभारी हैं। पेशे से व्यवसाई अर्पित की कई काव्य रचनाएं विभिन्न समाचार पत्रों तथा पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुकी हैं। इस विमोचन समारोह में कई नामी कवि, साहित्यकार, भाजपा नेता तथा गणमान्य हस्तियां मौजूद रहेंगी।

## पति समेत ससुरालियों पर दर्ज हुआ मुकदमा




**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना बिसरख में एक महिला ने अपने पति व ससुराल वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ित महिला का आरोप है कि उसके पति पहले से शादीशुदा था और उसे धोखे में रखकर उसने शादी की है। इस बात का पता चलने पर उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया गया। ग्राम चिपियाना बुजुर्ग निवासी पूनम (काल्पनिक नाम) ने बताया कि उसकी शादी 18 अप्रैल 2012 को नवजीत पुत्र प्रेम सुंदर के साथ हुई थी। शादी के कुछ समय (शेष पृष्ठ-3 पर)

## चोरी के मोबाइल फोन बेचने वाला गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना बिसरख पुलिस ने चोरी के मोबाइल खरीदने व बेचने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। इसके पास से चोरी के 11 मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि पुलिस टीम को मुखबिर ने सूचना दी कि चोरी के मोबाइल खरीदने बेचने वाला एक व्यक्ति चोरी के मोबाइल लेकर एसीई सिटी की तरफ गया है। सूचना के आधार पर पुलिस ने एक व्यक्ति को रोक लिया तलाशी में इसके पास से थैली से 11 मोबाइल फोन बरामद हुए। पूछताछ में उक्त व्यक्ति ने बताया कि यह सभी मोबाइल उसने अनजान व्यक्तियों से खरीदे हैं। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम (शेष पृष्ठ-3 पर)

## दो मकानों का ताला तोड़कर लाखों के जेवरात चोरी

**ग्रेटर नोएडा( चेतना मंच )।** थाना बादलपुर क्षेत्र के अलग-अलग स्थान से चोरों ने दो मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपए के जेवरात व कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। घटना के समय परिजन अपने पैतृक गांव गए हुए थे। एनसीआर सिटी कॉलोनी गिरधरपुर निवासी आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि वह 22 नवंबर को अपने परिजनों के साथ पैतृक निवास इसरापार रामगढ़ जनपद आजमगढ़ गया था। 31 दिसंबर को जब वह वापस लौटा तो उसे घर के मुख्य दरवाजे की कुंडी टूटी हुई मिली। घर के भीतर जाने पर सारा सामान अस्त्र-व्यस्त पड़ा हुआ था और अलमारी के लॉकर टूटे हुए थे। आशुतोष कुमार सिंह के मुताबिक उसके घर से सोने का मंगलसूत्र, तीन कान की बाली, दो अंगूठी सोने की, चेन व अन्य सामान को चोरी कर ले गए हैं। इसी थाना क्षेत्र के एएसआर रेजिडेंसी बिस्रोली निवासी (शेष पृष्ठ-3 पर)

## वेयरहाउस से पांच आईफोन चोरी


**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना फेस-3 क्षेत्र के सेक्टर-67 के एक वेयरहाउस से लाखों रुपए मूल्य के पांच आईफोन चोरी हो गए। कंपनी के एक्जीक्यूटिव की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

अभिषेक त्रिपाठी ने बताया कि वह उसेन लॉजिस्टिक कंपनी में एग्जीक्यूटिव के पद पर कार्यरत है उनकी कंपनी अमेजॉन कॉरपोरेशन का कार्यभार संभालती है कंपनी का बेसिक कम वेयरहाउस का रख रखाव करना और वहां सामान की आवाजाई की देखरेख करने का है। अभिषेक त्रिपाठी के मुताबिक 21 जनवरी को कंपनी का स्टॉक चेक किया गया। इस दौरान पता चला कि 5 आईफोन गायब है इन पांच आईफोन की अनुमानित कीमत करीब 434500 रुपए है।

थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। वेयरहाउस से चोरी किए गए मोबाइल फोनों की तलाश के लिए टीम गठित की गई है।

## विवाद में युवक की दांत से अंगुली काट दी


**नोएडा( चेतना मंच )।** थाना बिसरख क्षेत्र के इटेडा गांव में मामूली विवाद के दौरान एक युवक ने दूसरे युवक की दांत से अंगुली काटकर अलग कर दी। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया।



इटेडा गांव में शुभम यादव के मकान में किराए पर रहने वाले मनोज का पड़ोस में रहने वाले विमल उर्फ करण से वाद विवाद हो गया था। वाद विवाद इतना बड़ा की दोनों के बीच मारपीट होने लगी मारपीट के दौरान विमल ने मनोज के बाएं हाथ की अंगुली अपने मुंह में दबा ली और दांत से काटकर उसे अलग कर दिया। मनोज के लहूलुहान होने पर आरोपी विमल उसे जान से मारने की धमकी देता हुआ फरार हो गया। आस-पड़ोस के लोगों ने मनोज का उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया पीड़ित मनोज ने आरोपी के खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

### गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र में

## कांग्रेस से अजय चौधरी ने ठोंकी दावेदारी



**पूर्व चुनावों में कांग्रेस की स्थिति**

| वर्ष | प्रत्याशी | कुल वोट | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 2019 | डा. अरविंद कुमार सिंह | 42077 | 3.04 |
| 2014 | रमेश चंद तोमर (चुनाव छोड़कर भाग गये) | 12727 | 1.06 |
| 2009 | रमेश चंद तोमर | 116230 | 15.73 |

**नोएडा( चेतना मंच )।** लोकसभा चुनाव का अघोषित शंखनाद हो चुका है। सभी दल अपनी-अपनी सियासी बिसात बिछाने में जुट गए हैं। ऐसे में देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस भी सक्रिय हो गई है।

गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस के पुराने, कर्मठ तथा समर्पित सिपाही अजय चौधरी ने टिकट के लिए पार्टी हाईकमान में दावेदारी पेश की है। हालांकि चंद और लोग भी अघोषित दावेदारी कर रहे हैं। लेकिन अभी अजय चौधरी की दावेदारी को काफी गंभीर माना जा रहा है।

खैरपुर गुर्जर सेक्टर-3 ग्रेटर नोएडा में रहने वाले अजय चौधरी वर्तमान में अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के नेशनल को-ऑर्डिनेटर हैं। तकरीबन 35 वर्षों से कांग्रेस में राजनीति करने वाले अजय चौधरी 1988 में युवक कांग्रेस में गाजियाबाद के जिला महासचिव बने। उस वक्त गौतमबुद्धनगर गाजियाबाद जिले का हिस्सा था। इस पद पर वे 1990 तक रहे।

इसके बाद श्री चौधरी 1991-97 तक कांग्रेस पार्टी में जिला महासचिव रहे। 1995-2021 तक श्री चौधरी उप्र में पीसीसी सदस्य रहे। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## ग्रनो वेस्ट के मेट्रो रूट में बनेंगे 11 स्टेशन

**नोएडा( चेतना मंच )।** नोएडा से ग्रेटर नोएडा वेस्ट के नॉलेज पार्क-5 तक जाने वाली मेट्रो रूट में बदलाव हुआ है। इस बदलाव में अब अब 11 स्टेशन बनाए जाएंगे। बता दें कि पहले 9 स्टेशन बनने प्रस्तावित थे। डीएमआरसी ने इस नए रूट की डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार कर एनएमआरसी को दे दी है।

अभी एनएमआरसी सेक्टर-51 से ग्रेटर नोएडा डिपो तक एक्वा लाइन मेट्रो का संचालन हो रहा है। पिछले 5-6 साल से इस लाइन को ग्रेनो वेस्ट तक ले जाने की योजना है। पहले इस रूट की तैयार डीपीआर के अनुसार, सेक्टर-51 से यह मेट्रो लाइन शुरू होकर सेक्टर-72 बाबा बालकनाथ मंदिर के सामने से सीधे 130 मीटर रोड होते हुए ग्रेटर नोएडा तक जाती। सेक्टर-51 मेट्रो स्टेशन से दिल्ली से आ रही ब्लू लाइन के सेक्टर-52 से सीधी कनेक्टिवी नहीं हो पाई।



ऐसे स्थिति में एनएमआरसी व नोएडा प्राधिकरण के निर्देश पर डीएमआरसी ने नए रूट की डीपीआर बनाई है। इसके तहत मेट्रो सेक्टर-51 स्टेशन से सेक्टर-72 बाबा बालकनाथ मंदिर की ओर न जाकर सीधे सेक्टर-61 की ओर चली जाएगी। यहां से ब्लू लाइन के सेक्टर-61 स्टेशन से इसको प्लैटफॉर्म के जरिये कनेक्ट किया जा सकेगा। यह मेट्रो लाइन फेज तीन कोतवाली, सेक्टर-71 कैलाश अस्पताल के सामने से होते हुए सेक्टर-121 क्लियो काउंटी के सामने जाएगी। इसके बाद पुराने रूट पर पर्थला सिग्नेचर ब्रिज के पास जुड़ जाएगी।

इस बार मेट्रो के लिए जो रूट तय किया गया है वह पहले के मुकाबले ढाई किलोमीटर लंबा है। (शेष पृष्ठ-3 पर)



# आडवाणी को भारत रत्न

हाल के वर्षों में यह विषय चर्चा में रहा है कि भाजपा के उभार में निर्णायक भूमिका निभाने वाले लालकृष्ण आडवाणी पार्टी के स्वर्णिम काल में किस भूमिका में हैं। यानी मार्गदर्शक मंडल के रूप में उनकी भूमिका क्या है। एक समय था जब भाजपा का नाम लिया जाता था तो पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी के नाम सामने आते थे। ऐसी ही चर्चा पिछले दिनों अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के दौरान उनकी अनुपस्थिति को लेकर होती रही। लेकिन केंद्र सरकार ने बीते शनिवार को पहले जनसंघ और बाद में भाजपा के सूत्रधार रहे लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न सम्मान देकर ऐसे तमाम सवालों पर विराम लगाने का प्रयास किया। राम मंदिर आंदोलन के अगुवा रहे और सोमनाथ यात्रा के जरिये मंदिर आंदोलन में उफान लाने वाले आडवाणी को सर्वोच्च नागरिक सम्मान दिए जाने से पार्टी व आनुषंगिक संगठनों के वे पुराने लोग उत्साहित हैं, जिन्होंने पार्टी के दो सांसदों से लेकर पूर्ण बहुमत वाली भाजपा सरकार का दौर देखा है। कुछ दिन पूर्व ही बिहार में सोशल इंजीनियरिंग के सूत्रधार व बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया था। अब तक भाजपा अपने एक दशक के कार्यकाल में सात लोगों को भारत रत्न देने की घोषणा कर चुकी है। अभी तक दिये गए भारत रत्नों में लालकृष्ण आडवाणी का स्थान पचासवां है। कुछ लोग इस निर्णय को चुनावी परिदृश्य से जोड़ते हैं तो कुछ लोग प्राण प्रतिष्ठा की सार्थक परिणति से, क्योंकि 1991 की रथयात्रा के सूत्रधार आडवाणी ही थे। वहीं कुछ लोग मानते हैं कि आडवाणी सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के अगुवा रहे भाजपा नेताओं की एक पीढ़ी के मार्गदर्शक रहे। जिसमें मौजूदा प्रधानमंत्री भी शामिल रहे हैं। राजनीतिक पंडित मानते हैं कि नरेंद्र मोदी को गुजरात का मुख्यमंत्री बनाने में भी आडवाणी की भूमिका रही। यही नहीं, वे गुजरात में आडवाणी की रथ यात्रा के सारथी भी रहे हैं। कहा जा रहा है कि भारत रत्न आडवाणी को देना गुरुदक्षिणा देने जैसा भी है। कई राजनीतिक पंडित पिछले दिनों बिहार में सामाजिक न्याय के अगुवा कर्पूरी ठाकुर और लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न दिए जाने को मंडल व कमंडल को साधने की कवायद बताते हैं। बहरहाल, पार्टी ने कहीं न कहीं यह संदेश देने की भी कोशिश की है कि वह मार्गदर्शक मंडल में शामिल अपनी बुनियाद का सम्मान भी करती है। कई विश्लेषक लालकृष्ण आडवाणी के योगदान को भाजपा व जनसंघ से इतर राजनीतिक शुचिता व जीवन मूल्यों में योगदान के रूप में देखते रहे हैं। एक आक्षेप में नाम आने पर लोकसभा से इस्तीफा और स्थिति स्पष्ट न होने तक संसदीय राजनीति से दूर रहने के वायदे को उन्होंने निभाया भी। आज के राजनीतिक परिदृश्य में उनका मूल्यांकन इक्कीस ही कहा जाएगा। वे गठबंधन की राजनीति के सूत्रधार भी रहे। वर्ष 1996 में तेरह दिन में सरकार गिरने पर उन्होंने राजनीतिक छुआछूत का मुद्दा भी उठाया था, जो राजनीतिक गठबंधन के तार्किक पहलुओं पर प्रकाश डालता है। राजग गठबंधन को बेहतर ढंग से चलाने का श्रेय भी उनको जाता है।

# रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि हे गरुड़जी! उदर पर सुंदर तीन रेखाएँ (त्रिवली) हैं, नाभि सुंदर और गहरी है। विशाल वक्षःस्थल पर अनेकों प्रकार के बच्चों के आभूषण और वस्त्र सुशोभित हैं॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**अरुन पानि नख करज मनोहर। बाहु बिसाल बिभूषन सुंदर॥**
**कंध बाल केहरि दर ग्रीवा। चारु चिबुक आनन छबि सींवा॥**

लाल-लाल हथेलियाँ, नख और अँगुलियाँ मन को हरने वाले हैं और विशाल भुजाओं पर सुंदर आभूषण हैं। बालसिंह (सिंह के बच्चे) के से कंधे और शंख के समान (तीन रेखाओं से युक्त) गला है। सुंदर ठुड्डी है और मुख तो छवि की सीमा ही है॥

**कलबल बचन अधर अरुनारे। दुइ दुइ दसन बिसद बर बारे॥**
**ललित कपोल मनोहर नासा। सकल सुखद ससि कर सम हासा॥**

कलबल (तोतले) वचन हैं, लाल-लाल होठ हैं। उज्ज्वल, सुंदर और छोटी-छोटी (ऊपर और नीचे) दो-दो दंतुलियाँ हैं। सुंदर गाल, मनोहर नासिका और सब सुखों को देने वाली चंद्रमा की (अथवा सुख देने वाली समस्त कलाओं से पूर्ण चंद्रमा की) किरणों के समान मधुर मुस्कान है॥

**नील कंज लोचन भव मोचन। भ्राजत भाल तिलक गोरोचन॥**
**बिकट भृकुटि सम श्रवन सुहाए। कुंचित कच मेचक छबि छाए॥**

नीले कमल के समान नेत्र जन्म-मृत्यु (के बंधन) से छुड़ाने वाले हैं। ललाट पर गोरोचन का तिलक सुशोभित है। भौंहें टेढ़ी हैं, कान सम और सुंदर हैं, काले और घुँघराले केशों की छबि छा रही है॥

**पीत झीनि झगुली तन सोही। किलकनि चितवनि भावति मोही॥**
**रूप रासि नृप अजिर बिहारी। नाचहिं निज प्रतिबिंब निहारी॥**

पीली और महीन झँगुली शरीर पर शोभा दे रही है। उनकी किलकारी और चितवन मुझे बहुत ही प्रिय लगती है। राजा दशरथजी के आँगन में विहार करने वाले रूप की राशि श्री रामचंद्रजी अपनी परछाहीं देखकर नाचते हैं,॥

**मोहि सन करहिं बिबिधि बिधि क्रीड़ा। बरनत मोहि होति अति ब्रीड़ा॥**
**किलकत मोहि धरन जब धावहिं। चलउँ भागि तब पूप देखावहिं॥**

और मुझसे बहुत प्रकार के खेल करते हैं, जिन चरित्रों का वर्णन करते मुझे लज्जा आती है! किलकारी मारते हुए जब वे मुझे पकड़ने दौड़ते और मैं भाग चलता, तब मुझे पूआ दिखलाते थे॥

क्रमशः

# 10 फरवरी से शुरू होगी माघ गुप्त नवरात्रि

हिंदू धर्म में का विशेष महत्व है। नौ दिनों तक चलने वाले इस पर्व में शक्ति की साधना की जाती है। हिंदू धर्म के कैलेंडर के अनुसार साल में चार बार नवरात्रि का पर्व होता है। चैत्र और शारदीय नवरात्रि के अलावा दो गुप्त नवरात्रि पड़ती है। पंचांग के अनुसार पहली गुप्त नवरात्रि माघ मास में और दूसरी आषाढ़ मास में पड़ती है। गुप्त नवरात्रि के दौरान मां दुर्गा के नौ स्वरूपों के अलावा मां भगवती दुर्गा के दस महाविद्याओं की पूजा की जाती है। पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान जयपुर जोधपुर के निदेशक ज्योतिषाचार्य डा.अनीष व्यास ने बताया कि माघ मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से नवमी तक गुप्त नवरात्रि मनाई जाती है। पंचाग के अनुसार इस साल माघ गुप्त नवरात्रि की शुरुआत शनिवार 10 फरवरी 2024 से हो रही है। वहीं इसका समापन रविवार 18 फरवरी 2024 को होगा। गुप्त नवरात्रि 10 फरवरी से 18 फरवरी तक पूरे 9 दिन रहेगी। गुप्त नवरात्रि माघ महीने के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से नवमी तक चलती है। मां दुर्गा को उपासक 9 दिन तक गुप्त तरीके से शक्ति साधना व तंत्र सिद्धि करते हैं। गुप्त नवरात्रि को गुप्त साधना और विद्याओं की सिद्धि के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है। पूरे वर्ष में चार नवरात्रि होती हैं, जिसमें दो गुप्त नवरात्रि और दो प्रकट नवरात्रि होती हैं। माघ और आषाढ़ माह में गुप्त नवरात्रि होती हैं और प्रकट नवरात्रि में चैत्र नवरात्रि तथा आश्विन माह की शारदीय नवरात्रि होती है। देवी भागवत महापुराण में मां दुर्गा की पूजा के लिए इन चार नवरात्रियों का उल्लेख है।

**माघ गुप्त नवरात्रि प्रारंभ**

ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास ने बताया कि माघ मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से नवमी तक गुप्त नवरात्रि मनाई जाती है। पंचाग के अनुसार इस साल माघ गुप्त नवरात्रि की शुरुआत शनिवार 10 फरवरी 2024 से हो रही है। वहीं इसका समापन रविवार 18 फरवरी 2024 को होगा। गुप्त नवरात्रि 10 फरवरी से 18 फरवरी तक पूरे 9 दिन रहेगी। गुप्त नवरात्रि माघ महीने के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से नवमी तक चलती है।

**माघ गुप्त नवरात्रि घटस्थापना मुहूर्त**

- माघ गुप्त नवरात्रि प्रतिपदा तिथि- 10 फरवरी 2024 की सुबह 04:28 मिनट से 11 फरवरी की रात्रि 12:47 मिनट तक।

- घटस्थापना शुभ मुहूर्त- 10 फरवरी 2024 की सुबह 08:45 मिनट से लेकर सुबह 10.10 मिनट तक (कुल अवधि 1 घंटा 25 मिनट)।



ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास ने बताया कि माघ मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से नवमी तक गुप्त नवरात्रि मनाई जाती है। पंचाग के अनुसार इस साल माघ गुप्त नवरात्रि की शुरुआत शनिवार 10 फरवरी 2024 से हो रही है।

**गुप्त नवरात्रि में साधना**

कुण्डली विश्लेषक डा. अनीष व्यास ने बताया कि प्रत्यक्ष नवरात्रि में मां भगवती की पूजा जहां माता के ममत्व के रूप में की जाती है तो वहीं गुप्त नवरात्रि में देवी दुर्गा के विभिन्न रूपों की पूजा शक्ति रूप में की जाती है। मान्यता है कि गुप्त नवरात्रि में देवी साधना किसी को बता कर नहीं की जाती है। इसलिए इन दिनों को नाम ही गुप्त दिया गया है। गुप्त नवरात्रि के दौरान नौ दिनों तक गुप्त अनुष्ठान किये जाते हैं। इन दिनों देवी दुर्गा के दस रूपों की पूजा की जाती है। मान्यता है कि इन नवरात्रि में देवी साधना से शीघ्र प्रसन्न् होती हैं और मनोवांछित फल प्रदान करती हैं। जितनी अधिक गोपनीयता इस साधना की होगी उसका फल भी उतनी ही जल्दी मिलेगा। देवी के मां कालिके, तारा देवी, त्रिपुर सुंदरी देवी, भुनेश्वरी देवी, मां धूम्रावती, बगलामुखी माता, मातंगी माता और देवी कमला की गुप्त नवरात्रि में पूजा की जाती है।

मंत्र जाप, श्री दुर्गा सप्तशती, हवन के द्वारा इन दिनों देवी साधना करते हैं। यदि आप हवन आदि कर्मकांड करने में असहज हों तो नौ दिन का किसी भी तरह का संकल्प जैसे सवा लाख मंत्रों का जाप कर अनुष्ठान कर सकते हैं। या फिर राम रक्षा स्त्रोत, देवी भागवत आदि का नौ दिन का संकल्प लेकर पाठ कर सकते हैं। अखंड जोत जलाकर साधना करने से माता प्रसन्न होती हैं।

**मां दुर्गा के इन स्वरूपों की होती है पूजा**

भविष्यवक्ता और कुण्डली विश्लेषक डा. अनीष व्यास ने बताया कि मां कालिके, तारा देवी, त्रिपुर सुंदरी, भुवनेश्वरी, माता चित्रमस्ता, त्रिपुर भैरवी, मां धूम्रवती, माता बगलामुखी, मातंगी, कमला देवी।

**सामग्री**

भविष्यवक्ता डा. अनीष व्यास ने बताया कि मां दुर्गा की प्रतिमा या चित्र, सिंदूर, केसर, कपूर, जौ, धूप,वस्त्र, दर्पण, कंघी, कंगन-चूड़ी, सुगंधित तेल, बंदनवार आम के पत्तों का, लाल पुष्प, दूर्वा, मेंहदी, बिंदी, सुपारी साबुत, हल्दी की गांठ और पिसी हुई हल्दी, पटरा, आसन, चौकी, रोली, मौली, पुष्पहार, बेलपत्र, कमलगट्टा, जौ, बंदनवार, दीपक, दीपबत्ती, नैवेद्य, मधु, शक्कर, पंचमेवा, जायफल, जावित्री, नारियल, आसन, रेत, मिट्टी, पान, लौंग, इलायची, कलश मिट्टी या पीतल का, हवन सामग्री, पूजन के लिए थाली, श्वेत वस्त्र, दूध, दही, ऋतुफल, सरसों सफेद और पीली, गंगाजल आदि।

**मां दुर्गा की ऐसे करें पूजा**

भविष्यवक्ता और कुण्डली विश्लेषक डा. अनीष व्यास ने बताया कि गुप्त नवरात्रि के दौरान तांत्रिक और अघोरी मां दुर्गा की आधी रात में पूजा करते हैं। मां दुर्गा की प्रतिमा या मूर्ति स्थापित कर लाल रंग का सिंदूर और सुनहरे गोटे वाली चुनरी अर्पित की जाती है। इसके बाद मां के चरणों में पूजा सामग्री को अर्पित किया जाता है। मां दुर्गा को लाल पुष्प चढ़ाना शुभ माना जाता है। सरसों के तेल से दीपक जलाकर ? दुं दुर्गायै नमः मंत्र का जाप करना चाहिए।

**- डा. अनीष व्यास**
**भविष्यवक्ता और कुण्डली विश्लेषक**

# आगामी कुछ माह में रिकॉर्ड तोड़ गर्मी की संभावनाद्य प्रकृति के बेरहम दोहन का परिणाम

आने वाले महीनों में मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार ताबड़तोड़ गर्मी होने वाली है उनके अनुसार यह प्राकृतिक संसाधनों का बेरहमी तथा अप्राकृतिक दोहन के फल स्वरुप होने वाला हैद्य जब हम अपने विकास का इतिहास देखते हैं तो ब्रिटिश सत्ता के दौरान हमारे संसाधनों का प्रकृति का अंधाधुंध दोहन होता रहा है। आजादी हमें मिली है यानी कि मानव को परंतु प्रकृति आजादी से अछूती रही है। अमूमन हमारी जरूरत रोटी, कपड़ा, मकान और जल की थी कि हमको उद्योग धंधे का विकास तीव्र गति से करना पड़ा। मशीनें जितनी बड़ी से बड़ी होती गई आदमी उतना ही बौना होता गया। कृषि में नई नई तकनीक ट्रैक्टर, रसायनिक उर्वरक, कीटनाशकों के प्रयोग से भूमि बंजर होकर कराहाने लगी। विकास का सही मायने माननीय शक्तियों के साथ ऊर्जा और उसकी शक्ति तथा सामर्थ्य का सही उपयोग ही होगा। जब से हमने विकास के पथ पर उड़ान भरी है उद्योगों की चिमनी यों को ऊपर उठाया मोबाइल क्रांति का बटन दबाया ई-मेल पर सवार होकर विश्व संदेश को सुना तब से हमारे झरनों का कल कल स्वर और संगीत बंद हो गया, पक्षियों का कलरव बंद हो गया पक्षी अब चीत्कार कर रहे हैं।



नदी नाले सूखकर मृतप्राय हो गए हैं। समुद्र की लहरों की झंकार विलुप्त हो गई है और पानी खारा और खारा हो गया है। अब हमें यह सोचना है कि विकास के नाम पर हमें ग्रीन इंडिया चाहिए या इंटरनेट की सवारी कर डिजिटल इंडिया चाहिए। बच्चों की झोली में इंटरनेट को डालकर डिजिटल जेनरेशन का सपना देखना चाहिए या प्रकृति की गोद में सुगंधित वायु की लहरों में खो जाना चाहिए। झरनों में बैठकर नौका विहार का आनंद लेना चाहिए या कंप्यूटर में बैठकर नेट खोल कर नन्हे मुन्ने की आंखों पर जोर डालकर उन्हें चश्मा वाला बनाना चाहिए। हरा भरा हिंदुस्तान यानी कि ग्रीन इंडिया और डिजिटल इंडिया का सपना नदी के दो कभी ना मिलने वाले किनारे हैं। विकास के नाम पर असीमित उद्योग धंधों की बाढ़ आ गई है। भूमि समाप्त हो रही है साथ ही हमारी वायु विषैली हो गई है। रात में शहरी मकानों मैं बिजली के झालरों के सामने आकाश में रात्रि के तारों की चमक फीकी पड़ गई है। जंगलों को हम ऐसे साफ करते गए जैसे सड़क पर रोड रोलर चला रहे हैं। नगर बने ,महानगर बने ,मकान बने किंतु अब घर गायब होते गए, हमें तब सुध आई जब चिड़िया चुग गई खेत, हमें विकास के नाम पर मानव सभ्यता से जुड़ी जमीन पानी, हरियाली,पक्षी जानवर सब चाहिए केवल अंधाधुन्ध कंक्रीट का विकास या इंटरनेट की रफ्तार नहीं चाहिए। इसके लिए हमें संसाधनों के अंधाधुंध प्रयोग पर अंकुश लगाना होगा। संसाधनों का इस्तेमाल अतिरेक में नहीं होना चाहिए । महात्मा गांधी ने खुद कहा है कि पृथ्वी पर सभी की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए संसाधन है, किंतु मानव की लालच को पूरा करने का कोई साधन नहीं है। हम प्राकृतिक परियोजना तथा परिस्थितिकी की परियोजनाओं का स्वागत करना होगा सम्मान करना होगा। हमें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सौर, पवन, बायोगैस, ज्वार तरंग लहरों को ऊर्जा का आधार बनाना होगा।

भारत में परिस्थितियां बड़ी विषम है एक तरफ सोडियम लाइट से नहाती दिल्ली ,मुंबई ,बेंगलुरु की रंगीन सड़कें हैं, ऊंची ऊंची इमारतें हैं, तेज गति की मेट्रो है,वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का लुफ्त उठाते हुए युवक युवतियां है, दूसरी तरफ पसीने से भीगा हुआ किसान हैं। कैरोसिन की चिमनी में बच्चों को कहानी सुनाती माताएं हैं। यानी कि इतनी डिजिटल विषम बताएं भारत के अलावा विश्व के किसी भी कोने में नहीं है। भारत में विकास के नाम पर डिजिटलाइजेशन करने की आवश्यकता जरूर है पर गांव जंगलों नदियों और प्राकृतिक संसाधनों के निरस्तीकरण और विनाश की कीमत पर नहीं। हमें यह साबित करना होगा कि भारत के विकास की हरित क्रांति के साथ-साथ डिजिटल इंडिया भी विकास की गति को बढ़ा रहे हैं। इसमें कोई संदेह नहीं कि भारत कि हरित क्रांति का विकास ही डिजिटल इंडिया का स्वप्न को भी पूरा करेगा। इसके लिए स्वच्छ साफ-सुथरे संसाधन जैसे जल, खनिज, यूरेनियम ,थोरियम नहीं होगा तब तक नाभिकीय रिएक्टर की भट्टीयां कैसे चलेंगी। किसी कवि ने कहा है,

**जो घर बनाओ तो एक पेड़ भी लगा लेना,**
**पंछी सारे उपवन के चहचहा उठेंगे।**

विकास का जो भी रास्ता या नक्शा हम तैयार करेंगे निश्चित तौर पर वह मार्ग हरित क्रांति या हरित विकास से होकर गुजरेगा, जिससे हम अपनी 141 करोड़ जनसंख्या को स्वच्छ वातावरण दे पाएंगे और एक नए भारत की कल्पना को साकार कर पाएंगे।

**-संजीव ठाकुर, स्तंभकार,**
**चिंतक, लेखक, रायपुर छत्तीसगढ़**


माघ कृष्ण- एकादशी

# राशिफल


(विक्रम संवत् 2080)




**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। थोड़ा बचकर पार करें। स्वास्थ्य प्रभावित दिख रहा है। प्रेम, संतान की स्थिति अच्छी है।




**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
चोट चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। बचकर पार करें।



**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
आनंददायक जीवन का आगाज दिख रहा है। स्वास्थ्य, प्रेम, संतान, नौकरी, प्रेमी-प्रेमिका की मुलाकात।




**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
भावुकता में आकर निर्णय न लें। स्वास्थ्य मध्यम है। प्रेम, संतान मध्यम है। व्यापार लगभग ठीक रहेगा।




**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
गृह-कलह के संकेत हैं। घरेलू चीजों को शांत होकर निपटाएं। भौतिक सुख-संपदा में वृद्धि होगी।




**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
पराक्रम रंग लाएगा। रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे। स्वास्थ्य ठीक-ठाक। प्रेम, संतान मध्यम। व्यापार बहुत अच्छा।




**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
धन आगमन होगा। लिक्विड फंड में बढ़ोतरी होगी लेकिन निवेश न करें। जुबान पर नियंत्रण रखें।



**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
नायक-नायिका के भाग्य चमकते हुए दिखाई पड़ रहे हैं। स्वास्थ्य में सुधार। प्रेम, संतान अच्छा।



**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
चिंताकारी सृष्टि का सृजन हो रहा है। स्वास्थ्य थोड़ा प्रभावित रहेगा। प्रेम, संतान अच्छा। व्यापार बहुत अच्छा।



**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
आय में आशातीत बढ़ोतरी होगी। यात्रा में लाभ होगा। शुभ समाचार की प्राप्ति। स्वास्थ्य अच्छा। प्रेम, संतान अच्छा। व्यापार भी अच्छा।



**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी। कोर्ट-कचहरी में विजय मिलेगी। स्वास्थ्य अच्छा है। प्रेम, संतान बहुत अच्छा। व्यापार भी बहुत अच्छा।



**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
भाग्य साथ देगा। रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे। यात्रा में लाभ होगा। स्वास्थ्य पहले से बेहतर। प्रेम, संतान अच्छा। व्यापार अच्छा।

# 7-8 फरवरी को आंदोलन के लिए किसान सभा ने चलाया अभियान

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर दिन-रात के आंदोलन के पांचवें दिन किसान सभा का धरना जारी रहा-किसान सभा की जिला कमेटी के सदस्यों ने 7 और 8 फरवरी के आंदोलन के लिए सभी गांवों में तूफानी दौरा कर पीड़ित किसानों से आंदोलन में हिस्सा लेने का आह्वान किया-7 फरवरी को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर महापंचायत बुलाई गई है और 8 फरवरी को दिल्ली चलकर संसद के घेराव का आह्वान किया गया है।



दोनों कार्यक्रमों के लिए गांवों में ईटेडा पतवारी खैरपुर सैनी खोदना खुर्द सुनपुरा खेड़ी भनोता शियौराजपुर पाली थाप खेड़ा जुनपत घोड़ी मायचा रामपुर सिरसा खानपुर सूरजपुर मलकपुर में किसान सभा की गांव कमेटियों नुक्कड़ सभाओं, जनसभाओं का आयोजन किया जिसमें सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष भूमिहीन किसान एकत्रित हुए सभी ने 7 फरवरी और 8 फरवरी के आंदोलन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का वादा किया किसान सभा के नेता मास्टर रणवीर ने नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि 10 परसेंट के प्लाट पर लड़ाई आर पार की है।

किसान सभा के जिला सचिव सुरेंद्र भाटी ने कहा कि यह प्राधिकरण की बेईमानी है 10 प्रतिशत के प्लाट आज से 13 साल पहले मिल जाने चाहिए थे। जिला कमेटी के कोषाध्यक्ष अजय पाल भाटी ने कहा जनप्रतिनिधियों द्वारा क्षेत्र की और गांव के लोगों की उपेक्षा की गई है।

सुनील फौजी ने कहा कि 7 व 8 तारीख को हजारों की संख्या में किसान महा पंचायत और दिल्ली में संसद के घेराव में हिस्सा लेंगे। किसान नेता जोगेंद्री देवी, रीना देवी, कमलेश देवी, शैलेंद्र देवी, तिलक देवी, रईसा बेगम, मोहित नागर विनोद सरपंच जोगिंदर भाटी लोकेश भाटी शिबबू भाटी डॉक्टर गजेंद्र यतेंद्र मैनेजर प्रधान श्याम सिंह बाबा संतराम बाबा नेतराम प्रशांत भाटी मोहित भाटी नितिन चौहान देशराज चौहान डॉक्टर ओम प्रकाश अजय पाल भाटी, थापखेड़ा संदीप भाटी जिला सचिव किसान सभा, मनोज प्रधान खानपुर, पप्पू ठेकेदार, सुनील भाटी, शिशांत भाटी, वीर सिंह नेताजी, गबरी मुखिया महासचिव जगबीर नंबरदार सुरेश यादव मुकुल यादव सलेक यादव सुरेंद्र यादव बिजेंद्र नागर विनोद भाटी सुशील सुनपुरा, मुकेश खेड़ी, मटोल खेड़ी, सुंदर भनोता, सैकड़ो महिला पुरुष किसानों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया।

# सेनानी परिवारों ने की 'स्वतंत्रता सेनानी परिवार आयोग' के गठन की मांग की

**नई दिल्ली (चेतना मंच)।** जिन स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान और खून पसीने से देश को आजादी मिली है, उनके परिवारजन और अंशज-वंशज भी आज राष्ट्र के रचनात्मक नवनिर्माण में भारी भूमिका निभा रहे हैं एवं और आगे बढ़कर बड़े उत्तरदायित्व निभा सकते हैं। जरूरत है कि सरकार और समाज उनका यथोचित ध्यान रखे। इस दिशा में जो प्रमुख कदम उठाए जा सकते हैं, उनमें 'राष्ट्रीय स्वतंत्रता सेनानी परिवार आयोग' का गठन, देश की राजधानी में 'स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राष्ट्रीय मेमोरियल' की स्थापना, नगर निकायों से लेकर राज्यसभा तक के सदनों में सेनानी परिवार के सदस्यों का मनोनयन तथा दिल्ली में स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी सेवा सदन का निर्माण प्रमुख हैं।




यह बात आज राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकार परिवार समिति (रजि.) के राष्ट्रीय महासचिव जितेन्द्र रघुवंशी ने कही। वे डॉ अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर के मुख्य भीम सभागार में आयोजित स्वतंत्रता सेनानी परिवारों के महासंगठन द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में बोल रहे थे। महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी, उत्तराखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं सांसद तीरथ सिंह रावत, रोहतक के सांसद अरविन्द शर्मा आदि की विशिष्ट उपस्थिति में श्री रघुवंशी ने बीते सात वर्षों के सेनानी परिवारों के संघर्ष पर प्रकाश डालते हुए केंद्रीय गृह मंत्रालय से अपेक्षा की कि मंत्रालय द्वारा गठित स्वतंत्रता सेनानियों की एमिनेंट कमेटी में वीरांगनाओं एवं सेनानियों के साथ सेनानी परिवारों के हितों की रक्षा के लिए संघर्षरत सेनानी संगठनों के प्रतिनिधियों को भी सम्मिलित किया जाए। क्योंकि, अतिवृद्ध होने के कारण सेनानियों द्वारा कमेटी में उस भूमिका का निर्वहन नहीं हो पा रहा है, जिसकी केन्द्र सरकार को अपेक्षा है।

राष्ट्रीय सम्मेलन में 1822 से 1947 तक की अवधि में देश की आजादी हेतु संघर्ष करने वाले सभी सेनानियों के परिवारजनों को विशेष पहचान देने तथा ऑनलाइन परिचय पत्र जारी किए जाने की सुविधा प्रदान करने का आग्रह केन्द्र सरकार से किया गया।

बतौर मुख्य अतिथि सम्मेलन में पधारे महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल एवं उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी ने इस अवसर पर अंग्रेजों की गुलामी काल के पहले के अनेकानेक सेनानियों क्रांतिवीर बहादुरों को याद किया और कहा कि उन्होंने सारे भारत को अपना परिवार माना था। आप सब एक महान वृहद परिवार के सदस्य हैं। आजादी के मतवालों का सपना केवल अंग्रेजों को भगाना नहीं, बल्कि भारत से अंग्रेजियत को भगाना था। लेकिन वह कार्य हो नहीं सका। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार स्वभाषा और स्वदेशील जैसे मुद्दों पर अच्छा कार्य कर रही है। श्री कोश्यारी ने राजनैतिक आजादी के बाद सांस्कृतिक आजादी के लिए काम करने का सभी से आव्हान किया। इस कार्य की शुरुआत 22 जनवरी को अयोध्या धाम से हो चुकी है।

रोहतक हरियाणा के सांसद डॉक्टर अरविंद शर्मा तथा उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं लोकसभा सांसद तीरथ सिंह रावत सेनानी परिवारों के महासंगठन द्वारा उठाए गए बिंदुओं पर चर्चा करते हुए कहा कि वह सांसदों के एक दल की ओर से इस विषय को केंद्रीय गृह मंत्रालय तथा प्रधानमंत्री के संज्ञान में लायेंगे।

सभा की शुरुआत दक्षिण भारत और उत्तर भारत के विभिन्न दलों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं वंदे मातरम राष्ट्रगीत के साथ हुई, जिसका नेतृत्व सुरेश चन्द्र सुवाल ने किया।

# अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा ने एसडीएम को किया सम्मानित



**नोएडा(चेतना मंच)।** अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के पदाधिकारियों ने आज एसडीएम दादरी विवेकानंद मिश्र को शॉल ओढ़ा कर तथा माला पहना कर सम्मानित किया।

महासभा के प्रदेश अध्यक्ष पंडित पीतांबर शर्मा के नेतृत्व में पदाधिकारी दादरी एसडीएम कार्यालय में पहुंचे। उन्होंने एसडीएम विवेकानंद मिश्र को सम्मानित कर पदभार ग्रहण करने पर बधाई दी। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि ब्राह्मण कभी जातिवादी नहीं रहा है। वह सभी जातियों को साथ लेकर चला है महासभा द्वारा ब्राह्मण समाज के प्रतिभाशाली युवाओं के साथ-साथ समाज के अन्य युवाओं को भी समय-समय पर सम्मानित कर उनका मनोबल बढ़ाने का काम किया जा रहा है। सम्मानित किए जाने पर एसडीएम दादरी विवेकानंद मिश्र ने महासभा का आभार व्यक्त किया।

इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष पंडित पीतांबर शर्मा, प्रवेश महामंत्री मास्टर परमानंद शर्मा, जिला महामंत्री मास्टर रामकुमार शर्मा, जिले के कार्यकारी अध्यक्ष उमेश शर्मा, जिला अध्यक्ष राजेश शर्मा, नगर अध्यक्ष मांगेराम शर्मा, नगर महामंत्री रतन वीर शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष अनिल कुमार शर्मा, तहसील दादरी अध्यक्ष विनोद शर्मा, एडवोकेट रामवीर शर्मा, ज्ञानचंद शर्मा, नरेंद्र शर्मा, दादरी के सभासद अक्षय शर्मा, आदि मौजूद रहे।

## एक माह बाद दर्ज हुई कार के पहिये की चोरी

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर 39 क्षेत्र के सदरपुर कॉलोनी में चोरों ने एक कार के चारों पहिए चोरी कर लिए। चोर कार को ईटों पर खड़ा कर रफूचक्कर हो गए। चोरी की इस घटना को पुलिस ने एक माह बाद दर्ज किया है।

मूल रूप से जनपद सोनभद्र निवासी दूधनाथ मौर्य ने पुलिस से की शिकायत में बताया कि वह हाल में सदरपुर कॉलोनी में आर के पब्लिक स्कूल के पास रह रहा है। बीते 3 जनवरी को उसने अपनी अर्टिगा कार को सदरपुर के काशीराम पार्क के पास पार्क किया था। अगले दिन सुबह जब मैं गाड़ी के पास पहुंचा तो उसके चारों पहिए गायब मिले। चोर उसकी कार के पहिए चोरी कर उसे ईंटों पर टिकाकर चले गए थे। पीड़ित के मुताबिक उसने इसकी सूचना तुरंत थाना-39 पुलिस को दी।

पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया था। इस घटना को करीब एक माह बीतने के बाद पुलिस ने इस मामले को दर्ज किया है।


## समावेशी बजट पेश किया यूपी सरकार ने : विकास जैन



**नोएडा (चेतना मंच)।** उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष विकास जैन ने कहा कि यह बजट में स्पष्ट रूप से समाज कल्याण के लिए बनाया गया प्रतीत होता है। यह बजट प्रदेश को एक ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनाने का मजबूत आधार स्तंभ बनेगा। उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष विकास जैन ने कहा कि यह बजट प्रदेश के समग्र विकास के साथ ही आधारभूत ढांचे के पुनर्निर्माण और गरीबों, वंचितों, युवाओं, महिलाओं और किसानों को सम्मानजनक जीवन जीने के साथ, विकास की मुख्यधारा में लाने को समर्पित है। मध्यम एवं लघु उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए सरकार अग्रसर है।

उन्होंने सेक्टर-51 स्थित जिला कार्यालय पर साथियों के साथ बजट देखा।

## सांई मंदिर को सौंपे दवाओं के तीन कार्टून




**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा लोक मंच ने श्री साई सेवा समिति, साई मंदिर सेक्टर-40 नोएडा द्वारा संचालित धर्मार्थ अस्पताल के प्रबंधन को गरीब मरीजों के उपयोग के लिए अप्रयुक्त दवाओं, रक्त सिरिंज, वयस्क डायपर और अन्य उपयोगी चिकित्सा वस्तुओं के दस कार्टन सौंपे। श्री महेश सक्सेना, महासचिव नोएडा लोक मंच, श्रीमती राजेश्वरी त्यागराजन और अन्य सामाजिक कार्यकर्ता की मौजुद थी.

श्री सक्सेना ने बताया कि नोएडा लोक मंच इन अप्रयुक्त दवाओं को शहर के विभिन्न स्थानों/आवासीय परिसरों से इकत्ता करता है और पुराने बारात घर, सेक्टर 12 स्थित अपने दवा बैंक के माध्यम से तथा जरूरतमंद मरीजों को मुफ्त में वितरित करता है।

उन्होंने यह भी बताया कि लोक मंच वर्तमान में दवा बैंक में एलोपैथिक, होम्योपैथिक और एक्यूप्रेशर डॉक्टर की सेवाएं प्रदान कर रहा है और जल्द ही वे कोलकाता स्थित बंगाल अंग दान सोसायटी की सहायता से नेत्र और अंग दान अभियान सहित नई परियोजनाएं शुरू करेंगे। लोकमंच के सचिव एस.के. जैन ने बताया कि हम जल्द ही दवा बैंक में डेंटल, कार्डियक और डायटिशियन के विशेषज्ञ लाने जा रहे हैं। लोक मंच द्वारा नोएडा दवा बैंक वर्तमान में रविवार को छोड़कर प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक नोएडा प्राधिकरण के बारात घर से कार्य कर रहा है।

# दो बिल्डर पर लगाया पैसे हड़पने का आरोप

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना बिसरख में दो बिल्डर के खिलाफ फ्लैट के नाम पर लाखों रुपए हड़पने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। पीड़ित का आरोप है कि बिल्डर ने न तो उसे फ्लैट दिया और न ही उसके पैसे वापस कर रहा है। पैसे मांगने पर उसे जान से मारने की धमकी दी जा रही है।

ग्राम साकीपुर निवासी दीपांकर ने दर्ज रिर्पोट में बताया कि कुछ वर्ष पूर्व उसे भूमि अधिग्रहण के बदले मुआवजा मिला था। इस दौरान उसे सत्यम भविष्य इंडिया ग्रुप व एसबीआई रेजिडेंसी 11 नाम के बिल्डर ने धनराशि फ्लैट में इन्वेस्ट करने का ऑफर दिया उपरोक्त कंपनियों के मालिक विकास चौधरी, राजकुमार, भानु चौधरी ने उसे फ्लैट का मूल्य 1615000 रूपये बताया। इनके कहे अनुसार उसने 2 साल में इन्हें 480000 दे दिए। पैसे लेने के दौरान आरोपियों ने उसे वर्ष 2020 में फ्लैट का पजेशन देने का वायदा किया। निर्धारित अवधि बीतने के पश्चात उसने जब पजेशन के लिए बात की तो आरोपियों ने कोरोना महामारी का बहाना बनाते हुए 1 साल का समय और मांगा। निर्धारित अवधि बीतने के बाद उसने जब फ्लैट का पजेशन दिए जाने की मांग की तो आरोपी बहाने बनाने लगे। मई 2023 में उसने फ्लैट के लिए जमा कराए गए पैसे वापस दिए जाने की मांग की तो बिल्डर ने उन्हें लौटाने से साफ इंकार कर दिया। उसने जब जांच पड़ताल की तो पता चला कि बिल्डर कई अन्य लोगों के साथ धोखाधड़ी कर चुका है और उनके करोड़ों रुपए लेकर फरार है। बिसरख थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। यह मुकदमा न्यायालय के निर्देश पर दर्ज किया गया है।

## पृष्ठ एक के शेष....

**किसानों के लिए खुला...**

किसान सहकारी चीनी मिल, ननौता, जनपद सहारनपुर की कार्यक्षमता सुधार, सहकारी चीनी मिल लिमिटेड, गजरौला, जनपद अमरोहा की पेराई क्षमता 2500 टीसीडी से बढ़ाकर 4900 टीसीडी करने और सल्फरलेस रिफाइण्ड शुगर का उत्पादन करते हुए एक लाख लीटर प्रतिदिन एथनॉल उत्पादन क्षमता की आसवनी और कम्प्रेस्ड बायो गैस प्लाण्ट की स्थापना का कार्य प्रगति पर है।

पिपराईच और मुण्डेरवा में स्थापित 5000 टीसीडी क्षमता की नई चीनी मिलों में 27 मेगावॉट के बिजली उत्पादन संयंत्र तथा सल्फरलेस शुगर प्लाण्ट की स्थापना भी की गई है।

**कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान**

नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय अयोध्या के अन्तर्गत कृषि महाविद्यालय गोण्डा का संचालन शैक्षणिक सत्र 2023-2024 से करते हुए पठन-पाठन कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है।

कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में विभिन्न नए कार्यों हेतु 100 करोड़ रूपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।

महात्मा बुद्ध कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुशीनगर की स्थापना के लिए 100 करोड़ रूपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने वित्तीय वर्ष 2024-25 का वार्षिक बजट प्रस्तुत किया। सोमवार को विधानसभा में प्रस्तुत बजट प्रदेश के इतिहास में अबतक का सबसे बड़ा बजट है। बजट का आकार 7 लाख 36 हजार 437 करोड 71 लाख रुपये (7,36,437.71 करोड़ रूपये) है। बजट में 24 हजार 863 करोड़ 57 लाख रुपये (24,863.57 करोड़ रूपये) की नई योजनाएं भी शामिल की गई हैं। प्रदेश सरकार के बजट में महिला, युवा, किसान और रोजगार सृजन पर सर्वाधिक जोर दिया गया है।

योगी सरकार के बजट में 6 लाख 6 हजार 802 करोड़ 40 लाख रुपये (6,06,802.40 करोड़ रुपये) की राजस्व प्राप्तियां तथा 1 लाख 14 हजार 531 करोड़ 42 लाख रुपये (1,14,531.42 करोड़ रुपये) की पूंजीगत प्राप्तियां शामिल हैं। इसके अलावा राजस्व प्राप्तियों में कर राजस्व का अंश 4 लाख 88 हजार 902 करोड़ 84 लाख रुपये (4,88,902.84 करोड़ रुपये) है। इसमें स्वयं का कर राजस्व 2 लाख 70 हजार 86 करोड रुपये (2,70,086 करोड़ रुपये) तथा केन्द्रीय करों में राज्य का अंश 2 लाख 18 हजार 816 करोड़ 84 लाख रुपये (2.18,816.84 करोड़ रुपये) शामिल है।

यूपी के इस वित्तीय वर्ष के बजट में 5 लाख 32 हजार 655 करोड़ 33 लाख रुपये (5.32,655.33 करोड़ रुपये) राजस्व लेखे का व्यय है, जबकि 2 लाख 3 हजार 782 करोड़ 38 लाख रूपये (2.03.782.38 करोड़ रुपये) पूंजी लेखे का व्यय है। वहीं समेकित निधि की प्राप्तियों से कुल व्यय घटाने के बाद 15 हजार 103 करोड़ 89 लाख रुपये (15,103.89 करोड़ रुपये) का घाटा अनुमानित है।

इसके अलावा लोक लेखा से 5 हजार 500 करोड़ रुपये (5,500 करोड़ रुपये) की शुद्ध प्राप्तियां भी अनुमानित हैं। साथ ही समस्त लेन-देन का शुद्ध परिणाम 9 हजार 603 करोड 89 लाख रुपये (9.603.89 करोड़ रुपये) ऋणात्मक अनुमानित है। प्रारम्भिक शेष 38 हजार 189 करोड़ 66 लाख रुपये (38,189.66 करोड़ रुपये) को हिसाब में लेते हुये अन्तिम शेष 28 हजार 585 करोड़ 77 लाख रुपये (28,585.77 करोड़ रुपये) अनुमानित है। बजट में राजस्य बचत 74 हजार 147 करोड़ 07 लाख रुपये (74.147.07 करोड़ रुपये) अनुमानित है। राजकोषीय घाटा 86 हजार 530 करोड़ 51 लाख रुपये (86,530.51 करोड़ रुपये) अनुमानित है, जो वर्ष के लिये अनुमानित सकल राज्य घरेलू उत्पाद का 3.46 प्रतिशत है।

**किशोर व महिला...**

घटना के समय सुमन विश्वास अपनी ड्यूटी पर गया हुआ था। ड्यूटी से वापस आने पर उसे प्रीति फांसी के फंदे पर लटकी हुई मिली। सूचना मिलने पर थाना सूरजपुर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाकर परिजनों को हादसे की जानकारी दी।

थाना प्रभारी ने बताया कि प्रीति की 2 वर्ष पूर्व सुमन विश्वास के साथ शादी हुई थी। शादी के बाद वह पति के साथ खेड़ा भूड कॉलोनी में किराए पर रह रही थी। उन्होंने बताया कि इस संबंध में परिजनों ने अभी कोई तहरीर नहीं दी है। परिजन अगर तहरीर देते हैं तो विधिक कार्रवाई की जाएगी।

**दो अंतरराज्यीय वाहन...**

बादल यादव पूर्व में भी वाहन चोरी के मामले में जेल जा चुका है। इस पर छह मुकदमे पंजीकृत हैं। वहीं मनीष पर भी दो मुकदमे पंजीकृत हैं। आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर इन्हें न्यायालय में पेश किया गया है।

**पति समेत...**

बाद उसे पता चला कि उसके पति ने पहले से ही नगमा उर्फ सीमा नाम की महिला से शादी कर रखी है। इस बात की जानकारी उसकी सास सोमवती, देवर राहुल, गौरव, कपिल, अंशुल चचिया ससुर श्यामसुंदर, छोटेलाल, बिजोलिया सोनू आदि को पहले से ही थी। इसके बावजूद भी उसके परिवार को धोखे में रखकर आरोपियों ने नवजीत की शादी उससे करवा दी। इस बात की जानकारी मिलने पर उसने जब इस बात का विरोध किया तो सभी आरोपियों ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की और जान से करने का प्रयास किया। मारपीट के बाद आरोपियों ने उसे तथा उसके बच्चों को घर से निकाल दिया। पूनम का आरोप है कि उसके पति ने उसके मायके से मिले हुए तमाम गहने अपने पास रख लिए हैं। इसके अलावा उसके भाई से भी दो लाख रुपए भी नवजीत ने उधार लिए ले रखे हैं।

थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी दहेज के लिए उत्पीड़न करने सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

**चोरी के मोबाइल...**

मोहम्मद रौनक पुत्र मोइनुद्दीन निवासी सहरसा बिहार बताया। आरोपी ने कबूल किया कि वह सस्ती दरों पर लोगों से मोबाइल फोन खरीद लेता था और कुछ मुनाफा रखकर उन्हें बेच देता था। थाना प्रभारी ने बताया कि कई मोबाइल फोन चोरी के हैं। बाकी अन्य फोनों की जांच पड़ताल की जा रही है।

**18.7 लाख रुपये...**

लॉक डाउन खतम होने के बाद उसने जब बकाया पैसे देकर रजिस्ट्री करने के लिए कहा तो तीनों आरोपी उसे कोई ना कोई बहाना बनाकर बहकने लगे। राहुल के मुताबिक वह नोएडा स्थित सुपरटेक नॉर्थ आई पहुंचा तो उसे लव कुश मिले उसने जब रजिस्ट्री के संबंध में बात की तो दोनों आरोपियों ने उसके साथ गाली गलौज कर मारपीट शुरू कर दी। दोनों ने पैसे देने से भी साफ इनकार कर दिया।

आरोपियों ने धमकी दी कि अगर उसने इस बात की शिकायत कहीं की तो उसे जान से मार दिया जाएगा। इस संबंध में उसने थाने में शिकायत की लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। थाना सेक्टर-113 प्रभारी ने बताया कि न्यायालय के निर्देश पर तीनों लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और जांच पड़ताल की जा रही है।

**ग्रनो वेस्ट के...**

पहले 14 पॉइंट 958 किलोमीटर लंबा रूट तय किया गया था जो अब 17 पॉइंट 435 किलोमीटर लंबा हो गया है। दो स्टेशन अतिरिक्त बनने से लागत करीब 794 करोड़ बढ़ गई है। अब लागत 2991 करोड़ रुपये तय की गई है।

एनएमआरसी अधिकारियों ने जानकारी दी कि अभी तक इस रूट पर दो चरणों में मेट्रो चलाने की तैयारी थी। पहले फेज में सेक्टर-51 से ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टर-2 तक चलती है। इसके बाद दूसरे फेज का काम शुरू होता, लेकिन अब पूरे रूट पर एक साथ मेट्रो चलाने की योजना है।

**ये हैं प्रस्तावित मेट्रो स्टेशन**

सेक्टर-61 स्टेशन
एक अन्य स्टेशन
सेक्टर-122
सेक्टर-123
सेक्टर-4 ग्रेटर नोएडा वेस्ट
सेक्टर-12 ईकोटेक
सेक्टर-2 ग्रेटर नोएडा वेस्ट
सेक्टर-3 ग्रेटर नोएडा वेस्ट
सेक्टर-10 ग्रेटर नोएडा वेस्ट
सेक्टर-12 ग्रेटर नोएडा वेस्ट
नॉलेज पार्क-5 ग्रेटर नोएडा आदि स्टेशन प्रस्तावित किए गए हैं।

डॉ. लोकेश एम, प्रबंध निदेशक, एनएमआरसी ने कहा कि नोएडा से ग्रेनो वेस्ट जाने वाली मेट्रो की डीपीआर मिल गई है। इसका अध्ययन किया जा रहा है। फिर बोर्ड में मंजूरी के लिए इसको रखा जाएगा।

**दो मकानों का ताला...**

राजीव यादव के मकान में भी चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। राजीव यादव ने बताया कि वह 20 जनवरी को सहपरिवार अपने पैतृक घर इटावा गया था। 3 फरवरी को जब वह वापस घर लौटा तो उसे घर के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ मिला। घर के भीतर सारा सामान बिखरा हुआ था उसने जब अलमारी के लॉकर चेक किया तो पता चला कि कर उसके घर से सोने की दो चेन, तीन अंगूठी, 6 पायल, एक हार, एक कंठीमाला, कान के झुमकी, 30 चांदी के सिक्के गायब हैं।

थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों मामलों की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और जांच पड़ताल की जा रही है। घटनास्थलों के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा की फुटेज को खंगालकर चोरों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

**कांग्रेस से अजय...**

वर्ष-1997-2006 तक जनपद गौतमबुद्धनगर में कांग्रेस के जिलाध्यक्ष, 2006-08 तक पीसीसी में विशेष आमंत्रित सदस्य, 2008 में पीसीसी में सचिव तथा फिर महासचिव बने। वर्ष-2010-20 में वे अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के नेशनल को-ऑर्डिनेटर बने तथा अभी भी इसी पद पर काबिज हैं।

जिले के अधिकांश कांग्रेस के नेताओं तथा कार्यकर्ताओं का कहना है कि पार्टी को इस बार पूर्व कटु अनुभवों से सीख लेते हुए भगोड़ा व पैराशूटी प्रत्याशी न उतारकर पार्टी के कर्मठ व पुराने कार्यकर्ता को मौका देना चाहिए। इस लिहाज से अजय चौधरी की दावेदारी मजबूत मानी जा रही है।

इनको यहां से चुनाव में उतरने का मौका मिला तो लड़ाई रोचक होगी। अभी तक यहां पर पिछले तीन चुनावों में पैराशूटी नेता उतारे गये। इनमें से रमेश चंद तोमर ऐन चुनाव के वक्त पार्टी छोड़कर भाजपा में चले गये। इसके बाद 2019 में अरविंद सिंह भी चुनाव के अंतिम दौर में हाशिये पर चले गये थे। अब पार्टी जनपद के ही किसी पुराने कार्यकर्ता को चुनाव लड़ने का मौका दे।

## डांस कर रहे युवक की हुई अचानक मौत

**नोएडा (चेतना मंच)।** बरौला गांव में अपने घर में म्यूजिक पर डांस कर रहे एक युवक को गुमान नहीं था कि अचानक वह मौत के आगोश में समा जाएगा। डांस करते-करते युवक अचानक बेसुध होकर गिर गया परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। बरौला गांव में मोहम्मद आमिल अपने परिवार के साथ रह रहे हैं। वह बरौला में ही परचून की दुकान चलाते हैं। शनिवार देर रात उनका 22 वर्षीय बेटा आकिल घर में म्यूजिक चला कर उस पर डांस कर रहा था। डांस करते-करते आकिल खान अचानक जमीन पर गिर कर बेसुध हो गया। आकिल की हालत को देखकर परिजन उसे तुरंत उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे।

**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी (मेंहदीपुर) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर (यू पी.) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

### मंदिर की विशेषताएं

1. मंदिर अरबी और हिंदू का संस्कृति का प्रतीक
2. मंदिर में 7 शिखरों का निर्माण
3. 7 शिखर के हर शिखर में सात देवी-देवताओं की उपस्थिति
4. राम परिवार, कृष्ण परिवार, अयप्पा भी होंगे स्थापित
5. नक्काशी की गईं शिलाएं भरतपुर जिले से लाई गईं
6. कल्प वृक्ष का निर्माण
7. डोम ऑफ पीस का प्रतीक
8. डोम ऑफ हॉर्मनी भी बनाई गई.
9. मंदिर में कुल 96 स्तंभ बनाए गए हैं.
10. मध्य खंड में स्वामी नारायण के विग्रह की होगी प्राण प्रतिष्ठा



# मुस्लिम देश में विराट हिंदू मंदिर, अबू धाबी में हरे कृष्ण हरे राम!

*96 स्तंभ, 7 शिखर और काशी-अयोध्या की झलक... पीएम मोदी करेंगे उद्घाटन*

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** यूएई एक मुस्लिम देश है, लेकिन अगले हफ्ते में यहां हिंदुत्व का वो मोती सारी दुनिया में चमक बिखेरने को तैयार है, जिसका इंतजार दशकों से हो रहा था। राजधानी अबूधाबी में मंदिर के घंटों के आवाज गूंजेगी, शंखनाद होगा। देव प्रतिमा के आगे दीप जलेंगे। आरती की सुरलहरियों से भक्ति का सोता बहेगा। होम की समिधा से वातावरण सकारात्मक होगा व प्रसाद की मिठास मन को आनंदित कर देगी।

**700 करोड़ की लागत से बने मंदिर भारतीय प्राचीन मंदिर निर्माण शैली का अद्भुत उदाहरण:** ये सब इसलिए संभव होने वाला है, क्योंकि 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अब पीएम मोदी अबूधाबी में स्वामी नारायण हिंदू मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा और उद्घटन करने जा रहे हैं। इस मंदिर की भव्यता देखते ही बन रही है। 700 करोड़ रुपये की लागत से बना ये मंदिर भारतीय प्राचीन मंदिर निर्माण शैली का अद्भुत उदाहरण है और रेत के शहर में प्राच्य संस्कृति-संस्कार और श्रद्धा के संगम के रूप मे देखा जाएगा। ये मंदिर न सिर्फ आस्था का केंद्र बनेगा बल्कि सौहार्द और सामंजस्य के प्रतीक के रूप में भी जाना जाएगा।

18 फरवरी 2024 से दर्शन कर सकेंगे श्रद्धालु: आम लोगों के लिए 18 फरवरी 2024 को खोले जाने वाले इस मंदिर की खासियत भी अद्भुत हैं। इसे 27 एकड़ की जमीन पर बनाया गया है, जिसमें साढ़े 13 एकड़ में मंदिर का हिस्सा बना है और बाकी साढ़े 13 एकड़ में पार्किंग एरिया बना है।

## आप कार्यकर्ताओं की पुलिस से हुई झड़प

**चंडीगढ़, (एजेंसी)।** चंडीगढ़ मेयर चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी का विरोध जारी है। रविवार को पार्टी के पार्षदों ने नगर निगम ऑफिस के बाहर अनशन शुरू कर दिया।

**15-20 नेताओं को हिरासत में लिया**

अनशन पर बैठे पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं को नगर निगम ऑफिस से पुलिस ने हटाने की कोशिश की, इस दौरान कार्यकर्ताओं और नेताओं से पुलिस की तीखी झड़प हो गई। इस दौरान चंडीगढ़ के सह प्रभारी एसएस अहलूवालिया की पगड़ी उतर गई और वह जमीन पर गिर गए। विरोध बढ़ने पर चंडीगढ़ पुलिस ने 15 से 20 कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया। पुलिस उन्हें चंडीगढ़ के सेक्टर 39 पुलिस स्टेशन लेकर गई है।

### श्रीलंका ने मनाया अपना 76वां स्वतंत्रता दिवस

**कोलंबो, (एजेंसी)** श्रीलंका ने रविवार को सैन्य परेड के साथ अपना 76 वां स्वतंत्रता दिवस मनाया।राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने स्वतंत्रता दिवस संदेश में देश और विदेशों रह रहे सभी श्रीलंकाई लोगों को देश के पुनर्निर्माण में अपनी अधिकतम ऊर्जा का योगदान देने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि सरकार कई बाधाओं और चुनौतियों के बावजूद अर्थव्यवस्था को स्थिरता की ओर ले जा रही है।उन्होंने कहा कि श्रीलंका नागरिकों के दृढ़ समर्थन के कारण देश चुनौतियों पर काबू पा रहा है।

### पाक में चौथी बार नवाज की ताजपोशी तय, मीडिया का दावा

**इस्लामाबाद, (एजेंसी)** गैलप सर्वे और ब्लूमबर्ग के बाद अब बीबीसी ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि पाक के तीन बार पीएम रहे नवाज शरीफ आगामी आठ फरवरी को होने जा रहे संसदीय चुनाव में जीत के स्पष्ट दावेदार हैं और उनकी ताजपोशी तय है। बीबीसी ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि शरीफ का अंतिम कार्यकाल भ्रष्टाचार के केसों दोषी ठहराए जाने के साथ समाप्त हुआ और उससे कुछ समय पहले एक सैन्य तख्तापलट में उन्हें अपदस्थ कर दिया गया था। इसके बावजूद वह एक बार फिर सत्ता के शिखर की ओर बढ़ते नजर आ रहे हैं। वहीं इमरान के करीबी शाह महमूद भी नहीं लड़ सकेंगे चुनाव, ईसी ने बैन लगाया है।

### आईसीजे ने मारी पलटी, अब रूस के पक्ष में उतरा

**द हेग (नीदरलैंड) (एजेंसी)** संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष अदालत ने रूस-यूक्रेन युद्ध मामले में पलटी पार दी है। बता दें कि यूक्रेन ने अंतरराष्ट्रीय न्यायालय (आइसीजे) में रूस के खिलाफ नागरिकों के नरसंहार का केस दायर किया था। मगर आइसीजे ने कहा कि वह इस पर फैसला नहीं दे सकता। इतना ही नहीं आइसीजे ने कहा कि वह रूस के खिलाफ नरसंहार के मामले पर फैसला देने के बजाय यह देखेगा कि यूक्रेन ने अंतरराष्ट्रीय संधि का उल्लंघन किया है या नहीं।

### इंडोनेशिया में भूस्खलन से तीन की मौत, 13 घायल

**जकार्ता, (एजेंसी)** इंडोनेशिया में उत्तरी सुमात्रा के तपनौली में भूस्खलन से अवरुद्ध राजमार्ग पर फिर से भूस्खलन होने से कार में सवार एक परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई और 13 अन्य घायल हो गए। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन एजेंसी के प्रवक्ता अब्दुल मुहारी ने रविवार को बताया कि स्थानीय समयानुसार शनिवार शाम पांच बजे तरुतुंग-सिबोल्गा राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात जाम के बीच सड़क के किनारे की चट्टान अचानक गिर गई, जिससे कई वाहन प्रभावित हुए। उन्होंने कहा, 'मृतकों में कार में सवार पति, पत्नी और एक बच्चा शामिल हैं।

### आज का इतिहास

- 1630: सिखों के सातवें गुरु हर राय का पंजाब के कीरतपुर में जन्म।
- 1679: जर्मन शासक लियोपोल्ड प्रथम ने फ्रांस के साथ शांति समझौते पर हस्ताक्षर किये।
- 1783: इटली के कालाब्रिया में भीषण भूकंप में 30000 लोग मारे गये।
- 1870: फिलाडेल्फिया के थियेटर में पहली बार चलचित्र दिखाया गया।
- 1900: अमेरिका और ब्रिटेन के मध्य पनामा नहर समझौते पर हस्ताक्षर।
- 1904: क्यूबा अमेरिका के कब्जे से मुक्त हुआ।
- 1917: मैक्सिको ने नया संविधान अंगीकृत किया।
- 1922: गोरखपुर के पास चौरी चौरा कस्बे में उग्र भीड़ ने थाने में आग लगा दी जिसमें 22 पुलिसकर्मियों की मौत हो गयी।
- 1924: रेडियो समय संकेतक जीएमटी का पहली बार प्रसारण रायल ग्रीनविच से हुआ।

### सिर्फ मस्जिद गिराने का मुद्दा उठाया, वो भूल गए यहां 2000 साल तक था मंदिर

# ब्रिटिश सांसद बोले- बीबीसी ने की राम मंदिर की एकतरफा कवरेज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**



ब्रिटेन के सांसद बॉब ब्लैकमैन ने बीबीसी की राम मंदिर कवरेज को लेकर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी दुनियाभर के हिंदुओं के लिए खुशी का दिन था, लेकिन अफसोस की बात है कि बीबीसी ने अपनी कवरेज में यह बताया कि यह वही जगह है, जहां एक मस्जिद ढहाई गई थी।

सत्ताधारी कंजर्वेटिव पार्टी के सांसद बॉब ने आगे कहा- वो यह भूल गए कि इससे पहले यहां 2 हजार सालों तक मंदिर था। इसके अलावा मुस्लिमों को मस्जिद के लिए 5 एकड़ की एक जगह दी गई है, जहां वो मस्जिद बना सकते हैं। इसके बाद ब्रिटिश सांसद ने बीबीसी की निष्पक्षता पर सवाल उठाते हुए संसद में इस मुद्दे पर बहस की मांग की है। बीबीसी भारत में भी कई विवादों में घिरा रहा है। इस मीडिया हाउस ने 17 जनवरी 2023 को 'इंडिया-द मोदी क्वेश्चन' डॉक्यूमेंट्री का पहला एपिसोड यूट्यूब पर रिलीज किया था।दूसरा एपिसोड 24 जनवरी 2023 को रिलीज होना था। इससे पहले ही केंद्र सरकार ने पहले एपिसोड को यूट्यूब से हटा दिया था। केंद्र सरकार ने इसे दुष्प्रचार और प्रोपेगैंडा बताया था। पहले एपिसोड के डिस्क्रिप्शन में लिखा था कि ये डॉक्यूमेंट्री भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुस्लिम अल्पसंख्यकों के बीच तनाव पर नजर डालती है। गुजरात में 2002 में हुए दंगों में नरेंद्र मोदी की भूमिका के दावों की जांच करती है। डॉक्यूमेंट्री को लेकर लंबे समय तक विवाद चला था। इसके बाद 14 फरवरी 2023 को दिल्ली और मुंबई में बीबीसी के दफ्तरों पर आईटी विभाग ने छापा मारा था। आयकर विभाग के सूत्रों के मुताबिक बीबीसी पर इंटरनेशनल टैक्स में गड़बड़ी का आरोप लगा था। बीबीसी ने ट्वीट कर कहा था- आयकर विभाग की टीम दिल्ली और मुंबई ऑफिस में मौजूद हैं। हम उन्हें पूरा सहयोग कर रहे हैं। इस दौरान आईटी टीम ने फाइनेंस डिपार्टमेंट के लोगों के मोबाइल, लैपटॉप-डेस्कटॉप जब्त किए थे।

#### बीबीसी ने कहा था- जहां मस्जिद ढहाई, वहीं बनाया गया मंदिर

बीबीसी की हेडलाइन में लिखा था- जिस जगह मस्जिद ढहाई गई, वहीं पीएम मोदी ने मंदिर का उद्घाटन किया। लेख में बीबीसी ने कहा था- भारत के प्रधानमंत्री ने हिंदुओं के भगवान राम के भव्य मंदिर के उद्घाटन में हिस्सा लिया। उनके अलावा फिल्मी सितारों, उद्योगपतियों समेत हजारों मेहमान प्राण प्रतिष्ठा में शामिल हुए। विपक्ष ने इस कार्यक्रम का विरोध किया और प्रधानमंत्री मोदी पर मंदिर के जरिए सियासी फायदा उठाने के आरोप लगाए।

#### सांसद बोले- घटनाओं की सही कवरेज करें बीबीसी

बॉब ब्लैकमैन ने सोशल मीडिया पर भी बीबीसी कवरेज को लेकर सवाल उठाए। उन्होंने कहा- राम मंदिर के बारे में बीबीसी की रिपोर्टिंग को लेकर मतदाताओं ने चिंता जताई है। मैं हिंदुओं के अधिकारों का समर्थक हूं और इतने बड़े मीडिया हाउस की ऐसी कवरेज चिंता पैदा करती है। दुनिया में क्या हो रहा है, इसे लेकर बीबीसी को सही जानकारी देनी चाहिए। दरअसल, 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा पर दुनियाभर के मीडिया हाउस की नजर थी।

## राहुल गांधी ने कहा –हमने आदिवासियों के जल, जंगल और जमीन की रक्षा की

**रांची (एजेंसी)।**



कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की न्याय यात्रा का रविवार को 22वां दिन था। राहुल 2 फरवरी से झारखंड में हैं। उन्होंने रविवार को धनबाद में लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कहा- कांग्रेस ने हमेशा आदिवासियों के जल-जंगल-जमीन की रक्षा की है और करती रहेगी। हम आपके साथ खड़े हैं। राहुल ने कहा- देश के चुनिंदा पूंजीपतियों को आपकी संपत्ति सौंपी जा रही है। पहले पीएसयू में रोजगार मिलता था, उन सभी का एक-एक कर निजीकरण किया जा रहा है। अगर ऐसा ही चलता रहा तो मोदी सरकार झारखंड की स्टील इंडस्ट्री भी अपने पूंजीपति दोस्तों को सौंप देगी। धनबाद के बाद राहुल ने बोकारो में कहा कि भाजपा सरकार और आरएसएस की विचारधारा देश में सिर्फ हिंसा और नफरत नहीं फैला रही है, बल्कि देश में अन्याय फैला रही है।

#### उद्योगपतियों, श्रमिकों व किसानों से अन्याय कर रही मोदी सरकार: जयराम रमेश

**बोकारो, (एजेंसी)।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार मात्र एक दो उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाने के लिए देश के सभी उद्योगपतियों, श्रमिकों और किसानों के साथ घोर अन्याय कर रही है। 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' में राहुल गांधी के साथ झारखंड के बोकारो आए जय राम रमेश ने आज यहां पत्रकार सम्मेलन में कहा कि देश के उद्योग को बेचने का काम भाजपा सरकार कर रही है। देश में बेरोजगारी बढ़ी है। युवा आत्महत्या कर रहे हैं।

### नामीबिया के राष्ट्रपति गिंगोब का निधन

**विंडहोक, (एजेंसी)।** नामीबिया के राष्ट्रपति हेज जी. गिंगोब का रविवार तड़के राजधानी विंडहोक के एक अस्पताल में कैंसर के इलाज के दौरान निधन हो गया। वह 82 वर्ष के थे। कार्यवाहक राष्ट्रपति नांगोलो म्बुम्बा ने नामीबियाई राष्ट्रपति के आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर एक बयान में कहा''अत्यंत दुख और अफसोस के साथ मैं आपको सूचित कर रहा हूं कि नामीबिया गणराज्य के राष्ट्रपति, हमारे प्रिय डॉ. हेज जी. गिंगोब का रविवार को लगभग 00:04 बजे लेडी पोहाम्बा अस्पताल में निधन हो गया।

## रूसी वैज्ञानिक ने अंतरिक्ष में बनाया अद्भुत रिकॉर्ड



अंतरिक्ष में रिकॉर्ड 878 दिन गुजारने वाले पहले अंतरिक्ष यात्री बने

**मास्को, (एजेंसी)।** यूक्रेन से चल रहे युद्ध के बीच रूस ने अंतरिक्ष में बड़ा कमाल कर दिखाया है। दुनिया का कोई देश भी जो नहीं कर सका, उसे करके रूस ने पूरे विश्व को हैरान कर दिया है। रूसी अंतरिक्ष यात्री ने अंतरिक्ष में सर्वाधिक 878 दिनों से अधिक समय बिताने का विश्व रिकॉर्ड बनाया है। बता दें कि रूसी अंतरिक्ष यात्री ओलेग कोनोनेंको ने रविवार को अंतरिक्ष में कुल समय बिताने का विश्व रिकॉर्ड बनाया।

रूस के अंतरिक्ष निगम ने कहा कि उन्होंने अपने हमवतन गेन्नेडी पदाल्का को पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने कक्षा में 878 दिनों से अधिक समय बिताया था। अभी उम्मीद है कि वह 1100 दिन से अधिक समय बिताने के बाद धरती पर वापस लौटेंगे। रोस्कोस्मोस ने कहा, कोनोनेंको के 5 जून को अंतरिक्ष में कुल 1,000 दिन पूरे करने की उम्मीद है और सितंबर के अंत तक वह 1,110 दिन पूरे कर लेंगे। कोनोनेंको ने अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से एक साक्षात्कार में टीएएसएस को बताया कि मैं अपना पसंदीदा काम करने के लिए अंतरिक्ष में उड़ान भरता हूं, रिकॉर्ड बनाने के लिए नहीं। वह पृथ्वी से लगभग 263 मील (423 किमी) की दूरी पर परिक्रमा कर रहा है।





## बाइडेन ने कैरोलिना डेमोक्रेटिक प्राइमरी में जीत हासिल की

**वाशिंगटन, (एजेंसी)।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने शनिवार को दक्षिण कैरोलिना में डेमोक्रेटिक प्राइमरी में जीत हासिल की। सीएनएन परियोजनाओं ने यह जानकारी दी है। ब्रॉडकास्टर की परियोजनाओं के अनुसार, श्री बाइडेन 96 प्रतिशत से अधिक वोटों के साथ आगे चल रहे हैं, जबकि उनके डेमोक्रेट प्रतिद्वंद्वियों, कांग्रेसी डीन फिलिप्स और लेखक मैरिएन विलियमसन को लगभग दो प्रतिशत मत मिले हैं।

## दुनिया में पहली बार गैंडे में कृत्रिम गर्भाधान



दुनिया में इस प्रजाति के दो ही गैंडे बचे

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** उत्तरी सफेद गैंडे की प्रजाति को बचाने के लिए अब वैज्ञानिक कृत्रिम गर्भाधान का सहारा ले रहे हैं। इस प्रजाति के सिर्फदो गैंडे बचे हैं। वैज्ञानिकों ने लैब में बने भ्रूण को मादा गैंडे के गर्भाशय में सफलतापूर्वक प्रत्यारोपित किया है। पहली बार गैंडे का कृत्रिम गर्भाधान किया गया है। भ्रूण को विकसित करने के लिए उत्तरी सफेद राइनो प्रजाति से संबंधित दक्षिणी सफेद राइनो उप प्रजाति का उपयोग किया है। जर्मनी में लाइबनिज इंस्टीट्यूट वैज्ञानिक सुसान होल्ज ने कहा, गैंडे में पहली बार भ्रूण ट्रांसफर करने में सक्षम होना एक बड़ी सफलता है।

### रणथंभौर नेशनल पार्क में बाघिन टी-60 की मौत

**भरतपुर, (एजेंसी)** सवाईमाधोपुर के विश्वविख्यात रणथंभौर नेशनल पार्क में बाघिन टी-60 की मौत हो जाने की खबर के बाद वन्य जीव प्रेमियों में शोक की लहर दौड़ गई है। वन विभाग के सूत्रों ने बाघिन टी-60 की मौत की पुष्टि करते बताया कि नेशनल पार्क के जोन नंबर-2 में गुढा चैकी के पास से रविवार को बाघिन के शव को वन विभाग की टीम ने बरामद किया है जिसका पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार किया जाएगा।

## चिली के जंगल में लगी आग 51 से ज्यादा लोगों की मौत

**सैंटियागो, (एजेंसी)** दक्षिण अमेरिकी देश चिली के वालपराइसो क्षेत्र के जंगल में शुक्रवार से लगी आग से अबतक करीब 51 लोगों की जलकर मौत हो चुकी है और सैकड़ों मकान जलकर राख हो गये हैं।

स्थानीय अधिकारियों ने रविवार को बताया कि आग से प्रभावित लोगों में से कई गर्मी की छुट्टियों के दौरान तटीय क्षेत्र में घूमने फिरने गये थे। राष्ट्रपति गेब्रिउल बोरिक ने आपातकाल की स्थिति की घोषणा की और कहा कि स्थिति से निपटने के लिए 'सभी आवश्यक संसाधन' उपलब्ध कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि विना डेल मार, लिमाचे, क्विलपुए और विला एलेमाना में शनिवार को कर्फ्यू लगा दिया गया। कर्फ्यू से मार्गों को मुक्त करने में मदद मिलेगी और आपातकालीन वाहनों को प्रभावित क्षेत्रों तक पहुंचने की अनुमति मिलेगी। रविवार को लगभग 1,400 अग्निशामकों को तैनात किया गया है।


**कई लोग गर्मियों की छुट्टी में घूमने गए थे**

आपातकालीन सेवाओं के साथ-साथ सैन्य कर्मियों को तैनात किया गया है और आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने मेडिकल विधार्थियों को घायल लोगों की मदद के लिए अस्पताल में लगाया गया है। आंतरिक मंत्री कैरोलिना टोहा ने कहा कि मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है।

### तमिलनाडु में दो और रामसर स्थलों की घोषणा, अब कुल संख्या हुई 16

**चेन्नई, (एजेंसी)।** तमिलनाडु सरकार ने दो और रामसर स्थलों की घोषणा की है, जिसके साथ ही प्रदेश में रामसर स्थलों (आर्द्रभूमि) की कुल संख्या 16 हो गई है, जो देश में सबसे अधिक है। सरकार द्वारा घोषित दो नए रामसर स्थल अरियालुर जिले में कराईवेट्टी पक्षी अभयारण्य और और नीलगिरी जिले में लॉन्गवुड शोला रिजर्व फॉरेस्ट हैं। पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन एवं वन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव के अनुसार, राज्य सरकार एक व्यापक संरक्षण और प्रबंधन योजना के माध्यम से अपनी आर्द्रभूमि की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। तमिलनाडु सरकार ने 115.15 करोड़ रुपए की लागत से 100 आर्द्रभूमियों की सुरक्षा, संरक्षण और उद्धार के लिए अपनी तरह का एक अनूठा मिशन 'तमिलनाडु वेटलैंड्स मिशन' का भी शुभारंभ किया है।

## ग्रेमी अवॉर्ड के लिए पीएम मोदी का नाम भी हुआ नामांकित



#### ऐसा पहली बार, जब ग्रेमी में किसी राजनेता का नाम किया गया है अंकित

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** ग्रैमी अवॉर्ड 2024 के बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक परफॉर्मेंस श्रेणी में एबंडेंस इन मिलेट्स गीत को नामांकित किया गया है, ये वही गीत है जिसे लिखने में पीएम मोदी ने फालू और उनके पति गौरव शाह का सहयोग किया था। जी हां, ग्रैमी अवॉर्ड्स 2024 की सूची में 'एबंडेंस इन मिलेट्स' का भी नाम है। प्रधानमंत्री मोदी ने सिंगर फाल्गुनी शाह और गौरव शाह के साथ इस गाने को लिखा है। ऐसा पहली बार है जब किसी राजनेता को दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित ग्रैमी नॉमिनेशन में जगह मिली हो। इस गाने में मिलेट्स फूड यानी बाजरा की खेती और अनाज के तौर पर इसकी उपयोगिता के बारे में बात की गई है। पीएम मोदी के सुझाव पर वर्ष 2023 को 'अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष' के तौर पर मनाया जा रहा है। पीएम मोदी लगातार देश के मोटे अनाजों को भोजन का मुख्य अंग बनाने पर जोर देते रहे हैं। इसी क्रम में पीएम मोदी ने दुनिया को मोटे अनाज के फायदों से परिचित कराने के लिए ग्रैमी पुरस्कार विजेता फाल्गुनी शाह और उनके पति गौरव शाह के साथ एक गीत लिखा था।



दूसरी पारी 255 रन पर सिमटी, इंग्लैंड के सामने 399 रन का लक्ष्य, 67 पर एक आउट

# शुभमन गिल के शतक से संभला भारत

**विशाखापत्तनम।** शुभमन गिल की 104 रनों की शतकीय और अक्षर पटेल की 45 रनों की पारी के अलावा गुरुवार को कोई भी भारतीय बल्लेबाज पिच पर टिक नहीं सका और दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन दूसरी पारी में भारतीय टीम 255 रनों सिमट गई। दिन का खेल समाप्त होने तक इंग्लैंड ने दूसरी पारी में एक विकेट पर 67 रन बना लिये है और उसे जीत के लिए 332 रनों की दरकार है अभी दो दिन का खेल शेष है।



### स्कोर बोर्ड

| भारत दूसरी पारी | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी कै. रूट बोल्ड एंडरसन | 17 | 27 | 3/0 |
| रोहित शर्मा बोल्ड एंडरसन | 13 | 21 | 3/0 |
| गिल कै. फोक्स बोल्ड बशीर | 104 | 147 | 11/2 |
| श्रेयस कै. स्टोक्स बोल्ड हार्टली | 29 | 52 | 2/0 |
| रजत पाटीदार कै. फोक्स बो. रेहान | 09 | 19 | 1/0 |
| अक्षर पटेल पगबाधा हार्टली | 45 | 84 | 6/0 |
| श्रीकर भरत कै. स्टोक्स बो. रेहान | 06 | 28 | 1/0 |
| रवि अश्विन कै. फोक्स बो. रेहान | 29 | 61 | 2/1 |
| कुलदीप यादव कै. डकेट बो. हार्टली | 00 | 05 | 0/0 |
| बुमराह कै. बेयरस्टो बो. हार्टली | 00 | 26 | 0/0 |
| मुकेश कुमार नाबाद | 00 | 02 | 0/0 |

**अतिरिक्त** : 3, **कुल**: 78.3 ओवर में 255 रन पर ऑल आउट, **विकेट पतन**: 1-29, 2-30, 3-111, 4-122, 5-211, 6-220, 7-228, 8-229, 9-255, 10-255, **गेंदबाजी**: जेम्स एंडरसन 10-1-29-2, शोएब बशीर 15-0-58-1, रेहान अहमद 24.3-5-88-3, जो रूट 2-1-1-0, टॉम हार्टली 27-3-77-4,

| इंग्लैंड दूसरी पारी | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| जैक क्रॉली नाबाद | 29 | 50 | 3/1 |
| बेन डकेट कै. भरत बो. अश्विन | 28 | 27 | 6/0 |
| रेहान अहमद नाबाद | 09 | 08 | 2/0 |

**अतिरिक्त**: 01, **कुल**: 14 ओवर में एक विकेट पर 67 रन, **गेंदबाजी**: जसप्रीत बुमराह 5-1-9-0, मुकेश कुमार 2-0-19-0, कुलदीप यादव 4-0-21-0, रवि अश्विन 2-0-8-1, अक्षर पटेल 1-0-10-0,

इंग्लैंड के टॉम हार्टली के चार विकेट और रेहान अहमद ने आज शानदार गेंदबाजी का मुजाहिरा करते हुए भारत को दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन दूसरी पारी में 255 रनों पर समेट दिया। भारत को 398 रनों की विशाल बढ़त मिली। इंग्लैंड ने दिन का खेल समाप्त होने तक दूसरी पारी में एक विकेट पर 67 रन बना लिये है और जैक क्रॉली नाबाद 29 रन और रेहान अहमद नाबाद नौ रन क्रीज पर मौजूद थे। रवि अश्विन ने बेन डकेट को 28 रन पर आउटकर भारत को इंग्लैंड की दूसरी पारी का पहला विकेट दिलाया। इससे पहले शुभमन गिल के नाबाद 60 रनों की मदद से भारत ने दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन अपनी दूसरी पारी में लंच तक चार विकट पर 130 रन बना लिये है और इंग्लैंड पर उसकी बढ़त 273 रन हो गई है। भारत ने कल के खेल दूसरी पारी में बगैर नुकसान के 28 के स्कोर से ओर आगे खेलते हुए एंडरसन ने कप्तान रोहित शर्मा 13 रन पर आउट कर इंग्लैंड को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद नौवें ओवर में यशस्वी जयसवाल भी 17 रन बनाकर पवेलियन लौट गये। उन्हें एंडरसन ने रूट के हाथों कैच आउट कराया। श्रेयस अय्यर 29 रन और रजत पाटीदार नौ रन बनाकर पहले सत्र में आउट हुये। अक्षर पटेल ने 45 रन और आर अश्विन ने 29 रन की पारी खेली। भारत के पांच बल्लेबाज अपना खाता भी नहीं खोल सके। भारत की दूसरी पारी 78.3 ओवर में 255 रन पर सिमट गई।

### हार्टले ने झटके चार विकेट

इंग्लैंड की ओर से टॉम हार्टले ने चार विकेट लिए। रेहान अहमद तीन विकेट मिले। जेम्स एंडरसन ने दो और शोएब बशीर ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले शनिवार को यशस्वी जायवाल (209) के शानदार दोहरे शतक के साथ भारत ने पहली पारी में 396 रनों का स्कोर खड़ा किया था। उसके बाद जसप्रीत बुमराह ने 45 रन पर छह विकेट की कातिलाना गेंदबाजी कर इंग्लैंड की पहली पारी 253 रन पर समेट दिया। भारत ने इंग्लैंड को 55.5 ओवर में 253 रनों पर समेट दिया था। भारत ने पहले पारी में 396 रन बनाये थे।

### गिल ने लंबे समय बाद अपने टेस्ट करियर का तीसरा शतक जड़ा

लंबे समय खराब फॉर्म से जूझ रहे भारतीय बल्लेबाज शुभमन गिल ने इंग्लैंड के साथ खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन भारत की दूसरी पारी में शतक जड़ आलोचकों को चुप करा दिया है। गिल ने 132 गेंदों में 11 चौकों और दो छक्कों की मदद से अपना शतक पूरा किया। हालांकि शतक के बाद वह अपनी पारी अधिक आगे नहीं बढ़ा सके और शोएब बशीर की गेंद पर 104 के स्कोर पर आउट हो गए। शुभमन गिल का यह टेस्ट करियर का तीसरा शतक है और स्वदेश में उनका दूसरा टेस्ट शतक है। उन्होंने 12 पारियों के बाद टेस्ट क्रिकेट में शतक लगाया है। इससे पहले शुभमन गिल ने पिछले वर्ष नौ मार्च 2023 को ऑस्ट्रेलिया के खलिाफ अहमदाबाद में खेले गये टेस्ट मैच में शतक लगाया था। इसके साथ ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उनके 10 शतक हो गये है।

# ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को वनडे में 83 रनों से हराया

## हेजलवुड और शॉन ऐबट ने झटके तीन-तीन विकेट

**सिडनी (एजेंसी)।** जॉश हेजलवुड और शॉन ऐबट ने तीन-तीन विकेट की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में वेस्टइंडीज को 83 रन से हराते हुए तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है। 259 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने 19 रन पर अपना पहला विकेट गंवा दिया था। नौवें ओवर में वेस्टइंडीज के 87 रनों पर चार खिलाड़ी पवेलियन लौट चुके थे। वेस्टइंडीज के केसी कार्टी ने सर्वाधिक 40 रन बनाये।



इसके अलावा कप्तान शे हॉप 29 रन, रॉस्टन चेज 25 रन, अल्जारी जोसेफ19 रन और ऐलेक ऐथनेज 10 रन बनाकर आउट हुये। शेष कोई भी बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक नहीं पहुंच सका। ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को 43.3 ओवर में 175 रन पर ढ़ेर कर मुकाबला जीत लिया। ऑस्ट्रेलिया की ओर से हेजलवुड और ऐबट को तीन-तीन विकेट मिले। विल सदरलैंड ने दो विकेट लिये। ऐडम जैम्पा और ऐरन हार्डी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले यहां टॉस जीतने के बाद वेस्टइंडीज ने गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया ने 91 रन पर अपने पांच विकेट गंवा दिये थे। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये शॉन ऐबट 69 की अर्धशतकीय पारी और मैथ्यू शॉर्ट के 41 रन ने ऑस्ट्रेलियाई पारी को संभाला। कैमरन ग्रीन 33 रन, मार्नस लाबुशेन और ऐरन हार्डी 26-26 रन, विल सदरलैंड 18 रन और जेक फरेसर-मक्गार्क 10 रन बनाका आउट हुये। ऑस्ट्रेलिया की टीम निर्धारित 50 ओवर में नौ विकेट पर 258 बना सकी। वेस्टइंडीज की ओर से गुडाकेश मोटेय ने तीन विकेट लिये। रोमारियो शेफर्ड और अल्जारी जोसेफ को दो-दो विकेट मिले। मैथ्यू फोर्ड और ओशेन थॉमस ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

### किलिमंजारो की चोटी पर ध्वजारोहण के लिए अंकित को फ्लैग ऑफ

**देहरादून।** उत्तराखंड के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने रविवार को अपने शिविर कार्यालय से स्थानीय पर्वतारोही अंकित कुमार को दक्षिण अफ्रीका की सबसे ऊंची चोंटी माउंट किलिमंजारो पर ध्वजारोहण के लिए फ्लैग ऑफ़ किया। यह पहाड़ी चोटी की ऊंचाई समुद्र तट से 5895 मीटर है। जोशी ने अंकित कुमार को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनका शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि तेनजिंग नोर्गे नेशनल एडवेंचर अवार्ड से सम्मानित दिवंगत पर्वतारोही सविता कंसवाल को श्रद्धांजलि देने के उद्देश्य से यह अभियान माउटेनियर अंकित कुमार द्वारा प्रारंभ किया गया है। उन्होंने बताया कि अंकित के पांव में रॉड पड़े होने के बाद भी इनके द्वारा समर्पित होकर उस किलिमंजारो की चोंटी फतह करने का फैसला किया गया है। उन्होंने कहा कि माउटेनियर अंकित कुमार युवाओं के लिए एक प्रेरणा है। इस अवसर पर, सचिव, उत्तराखण्ड एथलेटिक्स के.ज़े.एस कलसी, अन्तरराष्ट्रीय कोच गुरफूल सिंह, उपाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह नेगी, सविंद्र सिंह, राष्ट्रीय कोच अवतार सिंह आदि उपस्थित थे।

### शेरोन वैन ने 10 किमी तैराकी में जीता स्वर्ण

**दोहा।** शेरोन वैन रूवेंडाल ने विश्व एक्वेटिक्स चैंपियनशिप में महिलाओं की 10 किमी ओपन वॉटर तैराकी स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। कतर के दोहा में रियो 2016 में ओलंपिक स्वर्ण और टोक्यो 2020 में रजत जीतने वाली डच महिला ने स्पेन की मारिया डी वाल्डेस को पछाड़ते हुए स्वर्ण पदक जीता। वाल्डेस को रजत, पुर्तगाल की एंजेलिका आंद्रे को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। दो साल पहले बुडापेस्ट में स्वर्ण पदक जीतने के बाद 30 वर्षीय वैन रूवेंडाल का यह दूसरा विश्व खिताब है। महिलाओं की पांच किमी ओपन तैराकी स्पर्धा बुधवार को होगी।

# विलियमसन-रचिन के शतक से कीवी मजबूत

## दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले दिन 2 विकेट पर बनाए 258

**नई दिल्ली।** माउंट माउनगानुई में खेले जा रहे न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका के बीच पहले टेस्ट के पहले दिन विलियमसन और रचिन रवीन्द्र के नाबाद शानदार शतक की बदौलत न्यजूलैंड शुरआती झटकों से उबरते हुए मजबूत स्थिति में पहुंच गया है। पहले मैच के पहले दिन स्टंप्स तक न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए दो विकेट खोकर 258 रन बना लिए हैं। साउथ अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का फैसला लिया। न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही। टीम को पहला झटका 2 रन के स्कोर पर लगा। अपना पहला टेस्ट खेल रहे शेफो मोरेकी ने डेवोन कॉन्वे को एलबीडब्ल्यू कर दिया। वहीं दूसरा विकेट टॉम लैथम का गिरा। वह 20 रन बनाकर डेन पैटरसन का शिकार हुए। इसके बाद विलियमसन और रचिन ने पारी को संभाला। रचिन 118 और विलियमसन 112 रन बनाकर नाबाद लौटे। दोनों के बीच 219 रन की साझेदारी हो चुकी है।



**केन विलियमसन का 30वां टेस्ट शतक** : दुनिया के नंबर 1 टेस्ट बल्लेबाज केन विलियमसन ने अपने 2024 टेस्ट सीजन की शानदार शुरुआत करते हुए माउंट माउंगानुई में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपना 30वां टेस्ट शतक लगाया। 33 वर्षीय खिलाड़ी ने पहले टेस्ट के पहले दिन युवा दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजी आक्रमण पर हावी होते हुए 241 गेंदों में यह उपलब्धि हासिल की।

# शतरंज विश्व रैंकिंग में पहली बार टॉप-20 में पांच भारतीय

## भारत विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर कायम

**नई दिल्ली।** विश्व शतरंज के द्वारा जारी की गयी ताजा विश्व रैंकिंग में पहली बार पांच भारतीय शतरंज खिलाड़ी दुनिया के शीर्ष 20 में पहुंच गए है । हालांकि इस बारा कोई भी भारतीय खिलाड़ी शीर्ष 10 में जगह नहीं बना सका है पर जल्द ही शीर्ष 10 में भी कई भारतीय होंगे । भारतीय खिलाड़ियों में विश्वनाथन आनंद 2748 ईएलओ अंको के साथ 12वें, आर प्रज्ञानन्दा 2747 अंको के साथ 13वें, 2747 अंको के साथ विदित गुजराती 14वें और डी गुकेश 2743 अंको के साथ 16वें स्थान पर है जबकि 2738 अंकों के साथ अर्जुन एरिगासी 18वें स्थान पर हैं। अन्य भारतीय खिलाड़ियों में बात करे तो पेंटाला हरीकृष्णा 2708 अंको के साथ 31वें, एसएल नारायनन 2694 अंको के साथ 42वें, निहाल सरीन 2693 अंको के साथ 43वें, 2662 अंको के साथ अरविंद चितांबरम 73वें, 2654 अंको के साथ रौनक साधवानी 83वें स्थान पर है। महिला वर्ग में कोनेरु हम्पी 2554 अंको के साथ तीसरे, 2503 अंको के साथ हरिका द्रोणावल्ली 11वे और 2481 अंको के साथ आर वैशाली 14वे स्थान पर चल रही हैं।



### इब्राहिम जादरान के शतक से अफगानिस्तान की वापसी

**कोलंबो।** इब्राहिम जादरान के पहले टेस्ट शतक से अफगानिस्तान ने श्रीलंका के खिलाफ एक मात्र क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन दूसरी पारी में एक विकेट पर 199 रन बनाकर जोरदार वापसी की। पहली पारी में 241 रन से पिछड़ने के बाद इब्राहिम नाबाद 101द्धने नूर अली जादरान 47 के साथ पहले विकेट के लिए 106 रन जोड़कर अफगानिस्तान को अच्छी शुरुआत दिलाई। उन्होंने रहमत शाह नाबाद 46 के साथ दूसरे विकेट के लिए 93 रन की अटूट साझेदारी की जिससे अफगानिस्तान की टीम अब श्रीलंका से सिर्फ 42 रन से पीछे है।



### मेसी से जुड़ा नैपकिन होगा नीलाम

**नई दिल्ली।** दिग्गज फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेसी का स्पेन की क्लब बार्सिलोना के साथ रिकॉर्ड तोड़ करियर एक नैपकिनश पर लिखे अनुबंध के साथ शुरू हुआ था। यह नैपकिन 300000 पाउंड लगभग 3.15 करोड़ रुपए की शुरुआती कीमत के साथ नीलामी के लिए तैयार है। ब्रिटेन की नीलामी करने वाली कंपनी बोनहम्स 18 से 27 मार्च तक इस नैपकिन के लिए ऑनलाइन बोली का आयोजन करेगी। बोनहम्स ने इसके लिए मेस्सी के गृह देश अर्जेंटीना के उनके एक प्रतिनिधि होरासियो गैगियोली से करार किया है। 14 दिसंबर 2000 की तारीख वाले इस नैपकिन पर गैगियोली एक अन्य प्रतिनिधि जोसेप मारिया मिंगुएला और बार्सिलोना के तत्कालीन खेल निदेशक कार्ल्स रेक्साच के हस्ताक्षर हैं। इसमें सैद्धांतिक रूप से मेस्सी के साथ करार करने के लिए एक समझौते की रूपरेखा तैयार की गई थी। इसका उद्देश्य उनके पिता जॉर्ज मेसी को आश्वस्त करना था कि यह सौदा पूरा होगा। इसके तुरंत बाद क्लब के साथ अधिक औपचारिक और विस्तृत अनुबंध हुआ था।

### विनेश फोगाट ने राष्ट्रीय चैंपियनशिप में जीता गोल्ड

**जयपुर।** दो बार की विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता विनेश फोगाट ने 16 महीने के लंबे अंतराल के बाद मैट पर वापसी करते हुए रविवार को राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप में महिलाओं की 55 किग्रा फ्रीस्टाइल स्पर्धा में ज्योति को हरा कर स्वर्ण पदक जीता। 55 किग्रा वर्ग के मुकाबले में विनेश फोगाट ने ज्योति को हराने में दो मिनट से भी कम समय लिया। विनेश ने पिछले वर्ष अगस्त में घुटने की सर्जरी कराई थी और उसके बाद दिसंबर में ही ट्रेनिंग पर वापस लौट आई थी। वहीं एक अन्य मुकाबले में 2021 विश्व चैंपियनशिप और 2022 राष्ट्रमंडल खेलों की रजत पदक विजेता अंशू मलिक ने महिलाओं के 59 किग्रा वर्ग के खिताब पर कब्जा किया। उन्होंने चार बार की एशियाई पदक विजेता सरिता मोर को 8-3 से हराया। 2010 एशियाई चैंपियनशिप और राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक जीतने वाली निर्मला ने 50 किग्रा वर्ग का खिताब हासिल करने के लिए अंडर -23 एशियाई चैंपियन नीलम को हराया।

# इंडिया ए ने इंग्लैंड लायंस को दी करारी शिकस्त

## 134 रन से हराकर सीरीज 2-0 से जीती

**नई दिल्ली।** इंडिया ए ने अपने स्पिनरों के दमदार प्रदर्शन से रविवार को तीसरे और अंतिम अनौपचारिक टेस्ट के चौथे दिन इंग्लैंड लायंस पर 134 रन की शानदार जीत दर्ज की। इंग्लैंड लायंस की टीम 403 रन के असंभव लक्ष्य का पीछा करते हुए दूसरी पारी में 268 रन पर सिमट गई, जिससे भारत ए ने तीन मैच की श्रृंखला 2-0 से अपने नाम की। मुंबई के बाएं हाथ के स्पिनर शम्स मुलानी 60 रन देकर पांच विकेट और मध्य प्रदेश के ऑफस्पिनर सारांश जैन 50 रन देकर तीन विकेट ने मिलकर आठ विकेट चटकाए, जिससे सुबह दो विकेट पर 83 रन से खेल शुरू करने वाली इंग्लैंड की दूसरी पारी सिमट गई। इंग्लैंड लायंस के सलामी बल्लेबाज एलेक्स लीस ने 41 रन से शुरूआत करते हुए अपना अर्धशतक पूरा किया और वह अच्छी लय में दिख रहे थे। लेकिन मुलानी की गेंद पर पगबाधा आउट हो गये और उनकी 55 रन की पारी समाप्त हुई। तब इंग्लैंड का स्कोर चार विकेट पर 120 रन था। लेकिन टीम ने 20 रन के अंदर तीन और विकेट गंवा दिये जिससे उसका स्कोर सात विकेट पर 140 रन हो गया। मुलानी ने इंग्लैंड लायंस के कप्तान जोश बोहानन ;8 और डैन मूस्ले 05 का विकेट हासिल किया। इंग्लैंड लायंस की टीम चुनौती दिए बिना आउट होने वाली नहीं थी। विकेटकीपर बल्लेबाज ओली रॉबिन्सन 80 रन और जेम्स कोल्स 31 रन ने आठवें विकेट के लिए 104 रन की साझेदारी निभाकर टीम को आसानी से 200 रन के पार कराया। मुलानी ने कोल्स को पगबाधा की अपील पर आउट कर इस भागीदारी का अंत किया।



# अंतर्राष्ट्रीय तैराकी प्रतिस्पर्धा में प्रदेश के तकनीकी अधिकारी करेंगे प्रतिनिधित्व



**भोपाल** । सात से नौ फरवरी 2024 तक दिल्ली में खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित सात देशों की बिमस्टेक एक्वेटिक प्रतियोगिता में नर्मदापुरम से जय कुमार वर्मा, भोपाल से रामकुमार खिलरानी, इंदौर से योगेंद्र सिंह राठौड़ तैराकी में और सीमांत द्विवेदी वाटर पोलो में तकनीकि अधिकारी होंगे। इस प्रतियोगिता में भारत, थाईलैंड, श्रीलंका, म्यांमार, भूटान, नेपाल और बांग्लादेश भाग लेंगे। मध्य प्रदेश तैराकी संघ के अध्यक्ष पीयूष शर्मा ने चयनित तकनीकी अधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह मध्य प्रदेश तैराकी संघ के लिए गौरव का विषय है कि मध्य प्रदेश के तकनीकी अधिकारी अंतरराष्ट्रीय स्पर्धा में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। साथ ही उन्होंने आशा व्यक्ति की सभी तकनीकी अधिकारी मध्य प्रदेश तैराकी संघ की गौरवशाली परंपरा का को स्थापित करेंगे। चयनित अधिकारियों को मध्य प्रदेश तैराकी संघ के रविंद्र दुबे, राजेंद्र उपाध्याय, दिलीप जोशी, सचिन पाल, राकेश जोशी, सुनील पटेल, कुमारी अंजिता वर्मा आदि ने बधाई दी है।

डेविस कप | युकी भांबरी और साकेत माइनेनी की जोड़ी विजयी

# भारत ने पाक को हराकर विश्व ग्रुप वन में किया प्रवेश

● इस्लामाबाद / एजेंसी

भारतीय टेनिस टीम ने रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ जीत के साथ डेविस कप 2024 विश्व ग्रुप वन में प्रवेश किया। पाकिस्तान स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में भारतीय खिलाड़ियों ने दूसरे दिन 2-0 की बढ़त के साथ शुरुआत की। युकी भांबरी और साकेत माइनेनी ने पाकिस्तान के अकील खान और मुजम्मिल मुर्तजा की जोड़ी को दो घंटे तक चले इस युगल मुकाबले में 6-2, 7(7)-6(6) से हराया। यह 2024 डेविस कप विश्व ग्रुप वन प्ले-ऑफ मुकाबले में पाकिस्तान के खिलाफ भारत की लगातार आठवीं जीत है। भारतीय युगल जोड़ी ने पहले सेट के पहले गेम में ही बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तानी जोड़ी की सर्विस ब्रेककर 1-0 की बढ़त ले ली। पांचवें गेम में विपक्षी टीम की सर्विस ब्रेक करने के बाद भारतीय टेनिस खिलाड़ियों ने 4-1 की बढ़त बना ली। भारतीय खिलाड़ियों ने पहला सेट 26 मिनट में 6-2 से जीत लिया। दूसरे सेट में पाकिस्तानी खिलाड़ियों ने वापसी करने का प्रयास किया और बेहतरीन तालमेल के साथ अपनी सर्विस बरकरार रखी। दूसरे और तीसरे गेम में दोनों टीमों ने बिना कोई अंक गंवाए अपनी-अपनी सर्विस बनाए रखी। हालांकि, भांबरी और माइनेनी ने विपक्षी टीम पर अपना दबदबा बनाये रखा। भारतीय जोड़ी ने केवल एक अंक गंवाया और शेष पांच अंक हासिल कर मैच में जीत दर्ज की और सितंबर में होने वाले डेविस कप विश्व ग्रुप वन में प्रवेश किया। उल्लेखनीय है कि डेविस कप विश्व ग्रुप वन प्ले-ऑफ के पहले दिन रामकुमार रामनाथन ऐसाम-उल-हक कुरैशी को 6(7)-7(3), 7(7)-6(4), 6-0 से हराया था। जबकि श्रीराम बालाजी ने अकील खान को सीधे सेटों में 7-5, 6-3 से पराजित किया। दूसरे दिन भारत ने युगल मुकाबले में जीत दर्ज करते हुए 3-0 की अजेय बढ़त ले ली।



बालाजी कन्सट्रक्शन कम्पनी



शॉप नं0 14, ओम कॉम्प्लेक्स, नया बॉस, सेक्टर-15, नोएडा (गौतमबुद्धनगर)
फोन- 0120- 2321857
मो0- 9811082962



# वास्तुशास्त्र

## इस करियर में कभी कोई रिटायर नहीं होता

**अक्सर लोगों से बातें करते सुना जा सकता है कि मकान तो वास्तु के हिसाब से ही बनना चाहिए या किसी की किचन सही जगह पर नहीं है तो किसी का बैडरूम। अब सहज प्रश्न यह है कि आखिर वास्तु है क्या और इसके अनुसार मकान, दुकान जैसी चीजें नहीं होने पर क्या हो सकता है या क्या होता है। क्या यह कोई विज्ञान है या विज्ञान की कोई शाखा है या अंधविश्वास का ही एक विस्तार है। और तो और क्या इसमें कोई करियर भी हो सकता है।**

प्राचीन मान्यताओं की मानें तो हर दिशा विशेष गुण लिए होती है और उन गुणों के मुताबिक मकान वगैरह बनाने से लाभ होता है। उन्हीं बातों को दूसरे शब्दों में लोग दिशाओं का विज्ञान मानते हैं। लेकिन इसका दूसरा पहलू यह भी है कि कुछ लोग इसे मानते हैं और इसके अनुरूप निर्माण कार्य कराने का भरपूर यत्न करते हैं, वहीं दूसरी तरफ ऐसे लोग भी हैं जो इसे कोरा अंधविश्वास मानते हैं और कहते हैं कि दिशाओं, उनके गुणों या इससे होने वाले लाभ की बात बेमानी है। रही बात करियर की तो जो लोग इसमें यकीन करते हैं उन्हें परामर्श देकर ठीक-ठाक करियर बनाया जा सकता है।

### नेचर ऑफ वर्क

वास्तुशास्त्री का कार्य परामर्श का कार्य है। भवन निर्माण करने के इच्छुक लोग यह जानना चाहते हैं कि उनके नक्शे में ड्राइंगरूम कहां हो, किचन कहां हो, बाथरूम कहां हो, ताकि उन पर या उनके परिवार पर किसी प्रकार का नकारात्मक असर न हो और उनकी सुख-समृद्धि बढ़ती रहे। वास्तुशास्त्री को यह बताकर भी कि जमीन की लंबाई-चौड़ाई और कौन-सी दिशा किधर है, समझा जा सकता है कि नक्शा कैसा बने, वहीं दूसरी तरफ वास्तुशास्त्री को उस जमीन तक लाकर भी उसे दिखाया जा सकता है और चिन्हित किया जा सकता है कि मकान में कहां क्या हो। इसमें




काम के घंटों का कोई नियत समय नहीं है, किसी काम को आप एक घंटे में भी कर सकते हैं और पूरा दिन भी लग सकता है।

### कोर्स

जहां तक वास्तुशास्त्र की पढ़ाई का सवाल है तो एक तरफ स्वाध्याय है तो दूसरी तरफ गुणीजनों से सीखा भी जा सकता है। सीखने-सिखाने का सिलसिला परंपरागत परिधियों से बाहर निकलकर आधुनिक कक्षाओं तक जा पहुंचा है। वास्तु के लिए जरूरी नहीं है कि आप डिग्री-डिप्लोमा करें, इसके लिए बस 15 दिन या फिर एक महीने का कोर्स भी काफी होता है। इसके तहत वास्तुशास्त्र का इतिहास, उनका अनुप्रयोग, पंचभूत और उनका मनुष्य से संबंध, दिशाएं, वास्तुपुरुष, वास्तुमंडल, महामंत्र इत्यादि के बारे में जानकारी दी जाती है जिनके आधार पर वास्तविक भू-खंड में स्थान निर्धारण वगैरह किया जाता है।

### योग्यता

पहले वास्तु विद्या के लिए किसी औपचारिक शिक्षा की आवश्यकता या अनिवार्यता नहीं थी लेकिन अब कुछ कालेज व इंस्टीच्यूट में बाकायदा इसकी पढ़ाई होने लगी है इसलिए इसके लिए योग्यता भी तय कर दी गई। वास्तुशास्त्र में करियर बनाने के लिए अभ्यर्थी कम से कम 12वीं पास जरूर हों। अगर विज्ञान संकाय से पढ़ाई की है तो इसमें करियर बनाना बेहतर रहेगा। सामान्य ज्ञान, भौगोलिक प्रक्रियाओं की समझ हो, शास्त्रों का थोड़ा-बहुत ज्ञान हो, परंपराओं को समझने वाला नजरिया हो। वास्तुशास्त्र के मूलभूत सिद्धांतों, वास्तु पुरुष मंडल क्या होता है, कौन-सी दिशा या कौन-सा कोण किस-किस स्वामित्व में होता है और उसकी क्या विशेषताएं होती हैं। यह भी बताया जाता है कि कि यदि वास्तु के मुताबिक भवन निर्माण में कोई कठिनाई आ रही है तो उसका हल क्या है।

### संभावनाएं

वास्तु विद्या का जानकार खुद की डिजाइन कंपनी खोल सकता है। बिल्डिंग निर्माण से संबंधित कंसल्टैंसी या फर्म स्थापित कर सकता है। अगर एक वास्तुशास्त्री वैज्ञानिक नजरिया डिवैल्प करता है तो उसकी मांग बढ़ जाती है। जैसे-जैसे समय बीतेगा विश्वसनीयता बढ़ती जाएगी। इसमें कभी कोई रिटायर नहीं होता है।

### आमदनी

शुरूआती सैलरी 25 से 30 हजार। किसी भी इंटीरियर डैकोरेटर, बिल्डर, कंस्ट्रक्शन कंपनी इन सभी जगहों पर एक अच्छे वास्तुकार की खासी डिमांड रहती है। खास बात यह कि इसमें सैल्फ इम्प्लायमैंट बहुत ही बेहतर है।

### पक्ष/विपक्ष

1.एक वास्तु विद्या का जानकार खुद की डिजाइन कंपनी खोल सकता है।

2.वास्तु विद्या में पारंगत होने के बाद आगे ज्योतिष विद्या सीख सकता है।

3.बिल्डिंग निर्माण से संबंधित कंसल्टैंसी या फर्म का निर्माण किया जा सकता है।

4.जितना मेहनत करेंगे धार उतनी तेज होगी।

5.जैसे-जैसे समय बीतेगा, विश्वसनीयता बढ़ती जाएगी।

6.इसमें कभी कोई रिटायर नहीं होता।

### प्रमुख संस्थान

इंडियन काऊंसिल ऑफ एस्ट्रालॉजिकल साइंस, जयपुर, राजस्थान

इंस्टीच्यूट ऑफ वेदिक वास्तु विजन, नई दिल्ली

स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटैक्चर, नई दिल्ली

महावास्तु, नोएडा, उत्तर प्रदेश

श्री सांई एस्ट्रो वास्तु रिसर्च इंस्टीच्यूट, रामनगर, उत्तराखंड

वास्तु वर्ल्ड, पुणे, महाराष्ट्र

## जानें कैसे लोग बार-बार नौकरियां बदलते रहते हैं

मानसिक तनाव का सामना जो नहीं कर सकते ऐसे लोगों में प्रमुख रूप से 3 गुण होते हैं- अति कार्यक्षमता अति महत्वाकांक्षा और सदा मन की सम्भ्रमित स्थिति। यही दिखाने की कोशिश करते हैं कि वे हर चीज दूसरों से पहले कर सकते हैं।

सिग्नल पीला हो तो उसके लाल होने से पहले ही ये लोग उसे पार करते हैं। लिफ्ट के लिए थोड़ी राह देखना भी उनके बस की बात नहीं होती। सबसे बड़ी बात यह है कि ऐसे लोगों को जिम्मेदारी बांट लेना अच्छा नहीं लगता इसलिए कम्पनी में काम के लिए ये लोग आगे आकर जिम्मेदारी लेते तो हैं लेकिन उन्हें टीमवर्क की आदत नहीं होती। ऐसे लोग असफल होने की बजाय मर जाना अच्छा समझते हैं। एक नौकरी पर टिके रहना उनके स्वभाव में नहीं होता। वे नौकरियां बदलते रहते हैं। वे हमेशा यही कहते हैं कि काम का तनाव ज्यादा है लेकिन सच्चाई यह होती है कि बॉस या अपने सहयोगियों के संबंध में इनके मन में नाराजगी छिपी रहती है। मन में इन्हें हमेशा यह महसूस होता है कि हम गलती कर रहे हैं हम अपने आप से भी दिल खोलकर बातें नहीं कर सकते लेकिन वे यह कल्पना भी नहीं कर सकते कि अपने मन को समझाने के लिए समय देना जरूरी है या किसी दूसरे की सहायता लेना जरूरी है।



## जीवन की ऊंचाइयों तक पंहुचने का मार्ग.....

जय-पराजय, लाभ-हानि और सुख-दुख को एक जैसा समझ कर, उसके बाद युद्ध के लिए तैयार हो जाना चाहिए। इस प्रकार युद्ध करने से हम पाप को नहीं प्राप्त होंगे।

जीवन एक युद्ध की तरह है, जिसको हमें लड़कर ऐसे जीतना होगा कि जैसे कुछ हुआ ही नहीं है। जीवन में सुख-दुख, नफा-नुकसान यह सब चलता रहेगा। इनसे हमें बचकर रहना है। अगर हम इनमें ही उलझ कर रह गए तो जीवन की ऊंचाइयों तक नहीं पहुंच सकते।

हार के साथ जीत, नुकसान के साथ फायदा और सुख के साथ दुख ऐसे जुड़े हैं, जैसे सिक्के के दो पहलू। अगर इंसान को सुख की चाह है तो यह मान कर चलना चाहिए कि कल दुख भी आएगा। यदि हम आज जीत रहे हैं तो कल हार भी होगी।

हम चाहते हैं कि सब कुछ हमारी इच्छा के मुताबिक ही हो, जो मुमकिन नहीं है। जब इंसान यह समझ लेता है कि फायदा और हानि दोनों स्थितियों में एक जैसा रहना है और यह सब तो जीवन भर होता रहेगा। तब इन सब बातों का असर पडऩा भी उस पर बंद हो जाएगा।

# आत्मनिर्भर बन

## कम करें पेरेंट्स का बोझ



अगर आप समझदारी दिखाएं और कोई पार्टटाइम जॉब कर कुछ हद तक आत्मनिर्भर बनने का प्रयास करें, तो एजुकेशन पर होने वाले भारी खर्च से पेरेंट्स को काफी राहत दिला सकते हैं। अब भारत में भी इसके लिए कई तरह के अवसर मौजूद हैं।

महंगाई के इस जमाने में पेरेंट्स के लिए अपने बच्चों की स्टडी का खर्च अफोर्ड करना काफी मुश्किल हो गया है। एजुकेशन काफी प्रोफेशनल स्वरूप अख्तियार कर चुका है और खासकर निजी क्षेत्र के कॉलेजों, यूनिवर्सिटी में उच्च शिक्षा बेहद महंगी होती है। भारतीय मां-बाप के पास अपने बच्चों की परवरिश से लेकर एजुकेशन, शादी आदि की तमाम जिम्मेदारियां होती हैं और वे किसी भी तरह से इसे पूरा करते ही हैं। लेकिन आजकल के भारी खर्च को देखते हुए अगर बच्चे भी कुछ समझदारी दिखाएं और कुछ हद तक आत्मनिर्भर बनने का प्रयास करें, तो पेरेंट्स को काफी राहत मिल सकती है।

### पार्टटाइम जॉब या ट्यूशन

पढ़ाई के साथ अपना खर्च निकालने का सबसे परंपरागत और लोकप्रिय सदाबहार काम है-ट्यूशन पढ़ाना। ट्यूशन पढ़ाना स्टूडेंट के लिए सबसे बेहतर पार्टटाइम जॉब होता है। इसकी वजह यह है कि इसमें किसी तरह की पूंजी नहीं लगती है, समय कम लगता है और स्टूडेंट के अपने सब्जेक्ट का भी रिवीजन होता रहता है। आप अपने से जूनियर क्लास के स्टूडेंट्स को होम ट्यूशन दे सकते हैं। इसके अलावा, किसी कोचिंग क्लास में जाकर पढ़ाना भी एक अच्छा विकल्प हो सकता है। कोचिंग क्लास में पढ़ाने पर आपको ज्यादा पैसा मिल सकता है। भारत में अब पार्टटाइम जॉब के भी कई विकल्प मौजूद हैं, जिसे आप अपना सकते हैं। यह किसी ऑफिस में काम से लेकर किसी कॉफी रिटेल शॉप या रेस्टोरेंट में सेल्समैन तक का हो सकता है।

एजुकेशन लोन एक विकल्प

हायर एजुकेशन अब काफी महंगा हो गया है और आपको कोई अच्छा प्रोफेशनल कोर्स करने में 5 से 10 लाख रुपये तक की जरूरत होती है। इतना पैसा जुटाने में आपके पेरेंट्स को काफी मुश्किल आती है। इसका एक अच्छा विकल्प यह है कि आप अपनी स्टडी के लिए एजुकेशन लोन ले लें। पढ़ाई पूरी करने के बाद नौकरी मिलने पर आप अपना एजुकेशन लोन चुका सकते हैं। एजुकेशन लोन की री-पेमेंट आपको हर महीने ईएमआई के रूप में चुकानी होती है, इसलिए ज्यादा बोझ नहीं पड़ता।

### घरेलू खर्चों में योगदान दें

आपने इनकम के लिए कोई पार्टटाइम काम हासिल कर लिया, यह अच्छी बात है। यदि आप अपने पेरेंट्स के साथ रहते हैं, तो अब आपको भी घरेलू खर्चों में कुछ योगदान करना चाहिए। आपकी थोड़ी-सी भागीदारी आपके पेरेंट्स के लिए लिए बड़ी राहत बन सकती है। यदि पेरेंट्स रिटायर हो चुके हैं या होने वाले हैं तो आपका यह कदम उनके कंधे का सहारा साबित हो सकता है।

### समझदारी का रास्ता


1. आत्मनिर्भर बनने के लिए आपके पास सबसे अच्छा विकल्प ट्यूशन पढ़ाने का होता है।?ट्यूशन पढ़ाना स्टूडेंट के लिए सबसे बेहतर पार्टटाइम जॉब होता है। इसके अलावा, किसी कोचिंग क्लास में जाकर पढ़ाना भी एक अच्छा विकल्प हो सकता है।?
2. पार्टटाइम जॉब के भी कई विकल्प मौजूद हैं, जिसे आप अपना सकते हैं। यह किसी ऑफिस में काम से लेकर किसी कॉफी रिटेल शॉप में सेल्समैन तक का हो सकता है। मॉल कल्चर के विस्तार से अब तमाम फूड चेन और कॉफी चेन में पार्टटाइम जॉब की अच्छी संभावना बन गई है।
3. प्रोफेशनल कोर्स पर होने वाले लाखों रुपये के खर्च के लिए आप एजुकेशन लोन ले सकते हैं। आप पढ़ाई पूरी करने के बाद नौकरी मिलने पर अपना एजुकेशन लोन चुका सकते हैं। यह आपको हर महीने ईएमआई के रूप में चुकानी होती है, इसलिए ज्यादा बोझ नहीं पड़ता।?
4. अपनी स्टडी के लिए आप भी कुछ पैसों की बचत कर सकते हैं, ताकि अभिभावकों का बोझ हल्का हो। हायर एजुकेशन से कुछ साल पहले अच्छी योजना के साथ आप अपनी पॉकेट मनी या अपने पार्टटाइम जॉब से मिलने वाले पैसे को बचाना शुरू करें।
5. आप यदि अपने पेरेंट्स के साथ रहते हैं तो अब आपको भी घरेलू खर्चों में कुछ योगदान करना चाहिए। आपकी थोड़ी-सी भागीदारी आपके पेरेंट्स के लिए बड़ी राहत बन सकती है।





# राजनीति में आये अभिनेता विजय बनेंगे नायक या खलनायक

तमिलनाडु की सियायत में सितारों की इंट्री का लंबा इतिहास रहा है। अब तमिल अभिनेता विजय ने भी अपनी पार्टी बनाकर राजनीति में आने का फैसला कर लिया है। सुपरस्टार की छवि रखने वाले विजय को नई पारी में जीत मिलेगी, वे नायक बनकर उभरेंगे या फिर मौजूदा दलों के लिए बाधा बनकर उभरेंगे, यह तो समय ही तय करेगा। यहां बतलाते चलें कि सुपरस्टार विजय ने राजनीतिक पार्टी तो बना ली है, लेकिन वो साल 2024 के आम चुनावों में हिस्सा नहीं लेंगे। वैसे आम चुनाव से पहले विजय ने पार्टी का ऐलान करके राज्य की राजनीति को ताजा हवा का झोंका तो दे ही दिया है। इससे फर्क नहीं पड़ता कि उन्होंने साफ किया है कि उनकी पार्टी लोकसभा चुनाव नहीं बल्कि 2026 में विधानसभा चुनाव लड़ेगी। तमिलनाडु की राजनीति में सितारों की बात करें तो एमजीआर, के करुणानिधि और जयललिता ने लगभग 50 वर्षों तक राज्य की राजनीति पर हुक्म चलाया। अभी भी करुणानिधि द्वारा बनाई गई डीएमके सत्ता में है। एम के स्टालिन राज्य के सीएम हैं। उनके बेटे उदयनिधि स्टालिन को उनके उत्तराधिकारी के तौर पर भी देखा जा रहा है। बता दें कि एक्टर विजय ने ऐसे वक्त पर पार्टी बनाई है राज्य में डीएमके सत्ता में है और एआईएडीएमके खेमों में बंटी हुई है। अभिनय से राजनीति में आए विजयकांत का निधन हो चुका है। रजनीकांत स्वास्थ्य कारणों से अब राजनीति में सक्रिय नहीं है, तो वहीं केंद्र की सत्ता का काबिज बीजेपी राज्य में पूर्व आईपीएस अधिकारी के अन्नामलाई को मोर्चे पर लगाकर राज्य में अपनी पैठ बनाने में जुटी है। हालांकि अभिनेता विजय की पार्टी को लेकर चर्चा यह भी हो रही है कि 2026 को चुनावों में लड़ाई युवा और नए चेहरों के बीच ही होगी। ऐसे में राजनीतिक विश्लेषक यही कह रहे हैं कि विजय राजनीति में किसके लिए नायक और किसके लिए खलनायक बनते हैं यह देखने वाली बात होगी।



# शाहिद कपूर और कृति सेनन चर्चाओं में

आजकल अपनी आने वाली फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया को लेकर अभिनेता शाहिद कपूर और अभिनेत्री कृति सेनन चर्चाओं में हैं। इस रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म में शाहिद की जोड़ी कृति के साथ पहली बार बनी है। इस बीच फिल्म का तीसरा गाना रिलीज हो गया। इसका टाइटल 'तुम से' है। गाने में शाहिद और कृति एक-दूसरे के प्यार में डूबे नजर आ रहे हैं। इसे सचिन-जिगर, राघव चैतन्य और वरुण जैन ने मिलकर गाया है। गाने के बोल इंद्रनील ने लिखे हैं। गाने को टी-सीरीज यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इससे पहले फिल्म के दो गाने 'लाल पीली अखियां और अखियां गुलाब सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ था। फिल्म का डायरेक्शन अमित जोशी और आराधना साह ने मिलकर किया है। पिछले दिनों फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुआ था। इसमें शाहिद रोबोट बनीं कृति के प्यार में डूबे नजर आए। फिल्म में गुजरे जमाने के दो दिग्गज स्टार धर्मेंद्र और डिंपल कपाड़िया भी हैं।




# घटती कमाई के बावजूद फाइटर ने 150 करोड़ का आंकड़ा किया पार

ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण की फिल्म फाइटर इन दिनों चर्चा में है। हालांकि, जिस तरह से फिल्म को लेकर हो-हल्ला मचा हुआ था, इसने बॉक्स ऑफिस पर उस तरह का प्रदर्शन नहीं किया। फिल्म कहानी और किरदारों से कहीं ज्यादा अपने एरियल एक्शन को लेकर चर्चा में है। फिल्म ने 22 करोड़ रुपये के साथ अपना खाता खोला था। आइए जानते हैं अब तक यह फिल्म कितने करोड़ रुपये का कारोबार कर चुकी है। फाइटर ने अपनी रिलीज के 8वें दिन यानी दूसरे गुरुवार को जहां 6 करोड़ रुपये कमाए थे, वहीं 9वें दिन यानी दूसरे शुक्रवार को फिल्म की कमाई में और गिरावट दर्ज की गई। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, फाइटर ने 5.35 करोड़ रुपये अपने खाते से जोड़े और इसी के साथ भारत में फिल्म ने 150 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है। इसकी कमाई लगभग 151.85 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है। करीब 250 करोड़ के बजट में बनी यह फिल्म 9 दिनों में अब कहीं जाकर अपनी लागत वसूल पाई है। दुनियाभर में इस फिल्म ने अब तक कुल 253 करोड़ रुपये कमाए हैं। बॉक्स ऑफिस पर लगातार घट रही फिल्म की कमाई देख यह तो साफ है कि बॉक्स ऑफिस पर फाइटर का प्लेन बुरी तरह लडखड़ा गया है और 200 करोड़ रुपये के क्लब में शामिल होने के लिए इसे कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। अनिल कपूर, करण सिंह ग्रोवर, अक्षय ओबेरॉय, संजीदा शेख और आशुतोष राणा जैसे सितारे भी फाइटर का हिस्सा हैं। उधर ऋषभ साहनी फिल्म के विलेन हैं। फाइटर का निर्देशन सिद्धार्थ आनंद ने किया है, जिन्होंने पिछली बार शाहरुख खान संग पठान जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्म दी थी। ऋतिक की फिल्म वॉर और बैंग बैंग का निर्देशन भी उन्होंने ही किया था। फाइटर के जरिए ऋतिक-सिद्धार्थ तीसरी बार साथ आए हैं। फिल्म 25 जनवरी को रिलीज हुई थी। ऋतिक को जल्द ही फिल्म वॉर 2 में देखा जाएगा, जिसके निर्देशन की कमान इस बार निर्देशक अयान मुखर्जी को सौंपी गई है। फिल्म में साउथ के सुपरस्टार जूनियर एनटीआर भी नजर आएंगे। फिल्म में उन्हें ऋतिक के साथ दो-दो हाथ करते देखा जाएगा। उधर दीपिका की फिल्म सिंघम अगेन कतार में हैं। इसके अलावा प्रभास और अमिताभ बच्चन के साथ पैन इंडिया फिल्म कल्कि 2898 एडी भी उनकी आने वाली बहुप्रतीक्षित फिल्मों में शुमार है।

# अगस्त में शुरू हो सकती है डॉन 3 की शूटिंग!

बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह की आने वाली फिल्म डॉन 3 की शूटिंग अगस्त में शुरू हो सकती है। बॉलीवुड फिल्मकार फरहान अख्तर ने वर्ष 2023 में डॉन की तीसरी किस्त की अनाउंसमेंट की थी। साथ ही साथ फरहान अख्तर ने नए डॉन के चेहरे की झलक भी दिखाई थी। फिल्म डॉन 3 में रणवीर सिंह लीड रोल में नजर आएंगे। फिल्म 'डॉन 3' को लेकर एक नया अपडेट सामने आ रहा है। कहा जा रहा है कि फिल्म 'डॉन 3' का प्री-प्रोडक्शन अगले महीने मार्च से शुरू होने वाला है। 'डॉन 3' फिलहाल कास्टिंग स्टेज पर है। वहीं 'डॉन 3' का शूटिंग शेड्यूल इस साल अगस्त महीने से शुरू होगा। इससे पूर्व डॉन फेंचाइजी की दोनो फिल्मों में शाहरूख खान ने मुख्य भूमिका निभायी थी।

# कैलिफोर्निया हवेली से बाहर हो गए प्रियंका-निक

हालीवुड गायक निक जोनस और अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा जोनस अपनी भव्य कैलिफोर्निया हवेली से बाहर चले गए हैं। दोनों के सपनों के घर में पानी के कारण फफूंद लग गई। इस वाकये के बाद कानूनी लड़ाई शुरू हो गई, जो अभी भी चल रही है। हालांकि, मई 2023 में दायर एक मुकदमे की एक प्रति के अनुसार पूल और स्पा ने अप्रैल 2020 के आसपास परेशानी पैदा करनी शुरू की दी, जिसमें वॉटरप्रूफिंग भी शामिल थी, जो मोल्ड संदूषण और संबंधित मुद्दों को बढ़ावा देती थी ।लगभग उसी समय, डेक पर बारबेक्यू क्षेत्र में पानी का रिसाव दिखा। शिकायत में कहा गया है, इस रिसाव से डेक के ठीक नीचे आंतरिक रहने वाले क्षेत्र का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया।

रिपोर्ट के अनुसार घर की समस्याओं ने कथित तौर पर परिसर को रहने के लिए लगभग अनुपयुक्त और स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से खतरनाक बना दिया है। इसके परिणामस्वरूप विचार की विफलता के साथ-साथ पर्याप्त और महत्वपूर्ण क्षति हुई है, जिसके लिए आवश्यक है कि खरीद और बिक्री को रद्द कर दिया जाए, मुकदमे में आगे यह भी कहा गया है कि जोनास और चोपड़ा अपने ट्रस्टी के माध्यम से क्षति की मांग कर रहे हैं ।उनके वकील आगे तर्क देते हैं, विकल्प में वादी को मरम्मत की सभी लागतों की प्रतिपूर्ति की जानी चाहिए, साथ ही प्रतिवादियों के आचरण के कारण उपयोग के नुकसान और अन्य क्षति के लिए मुआवजा दिया जाना चाहिए।

सटीक लागत अभी तक निर्धारित नहीं की गई है, लेकिन शिकायत के अनुसार, वॉटरप्रूफिंग मुद्दे 1.5 मिलियन डॉलर से अधिक होंगे और सामान्य क्षति लगभग 2.5 मिलियन डॉलर होने का अनुमान है। बता दें कि इस जोड़े ने सितंबर 2019 में 20 मिलियन डॉलर में लग्जरी संपत्ति खरीदी, जिसमें सात बेडरूम, नौ बाथरूम, एक शेफ की रसोई, तापमान नियंत्रित वाइन रूम, एक इनडोर बास्केटबॉल कोर्ट, इंटीरियर बॉलिंग एली, एक होम थिएटर, एक मनोरंजन लाउंज, स्टीम शॉवर के साथ स्पा, जिम और बिलियर्ड्स रूम है।



# चंदू चैंपियन की फाइनल शूटिंग पूरी



ब्लॉकबस्टर चंदू चैंपियन की आख़िरकार फाइनल शूटिंग पूरी हो चुकी है! साजिद नाडियाडवाला और कबीर खान द्वारा प्रस्तुत कार्तिक आर्यन अभिनीत इस फिल्म में कार्तिक आर्यन का चौंकाने वाला बॉडी ट्रांसफॉर्मेशन फिल्म का आकर्षक हिस्सा है! चंदू चैंपियन फिल्म में एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री के तीन बड़े नाम हैं - साजिद नाडियाडवाला, कबीर खान, और कार्तिक आर्यन साथ आएं हैं, इनका साथ आना दर्शकों के उत्साह को एक अलग लेवल पर लेकर जा रहा है. ये कहना गलत नहीं होगा कि ये साल की सबसे बेसबरी से इंतज़ार की जाने वाली फिल्म है, और अब उसने अपनी शूटिंग को ख़त्म कर लिया है।

इसके अलावा, फिल्म कार्तिक आर्यन को सिल्वर स्क्रीन पर पहले कभी न देखे गए अवतार को पेश करेगी और उनका चौंकाने वाला बॉडी ट्रांसफॉर्मेशन दर्शकों को हैरान करने की गारंटी देता है। तो है न यह फिल्म में दर्शकों के लिए देखने लायक एक जबर्दस्त आकर्षण। कार्तिक और कबीर के पहले कोलैबोरेशन को दर्ज करते हुए, ये फिल्म साजिद नाडियाडवाला के साथ सत्यप्रेम की कथा की ब्लॉकबस्टर के बाद एक्टर की दूसरी फिल्म है। तीनो एक दिलचस्प सच्चाई पर आधारित कहानी के साथ जुड़ रहे हैं, जिसने आत्मसमर्पण करने से इनकार कर दिया था।



# पूनम पांडे पर बहुत ज्यादा भड़की राखी सावंत?

क्या सच में पूनम पांडे की मौत सर्वाइकल कैंसर से हुई या नहीं, ये सारा सस्पेंस आखिरकार खत्म हो गया है। महिला ने एक वीडियो बनाया है जहां उसने पुष्टि की है कि वह वास्तव में जीवित है, लेकिन पूरी पहल इस बीमारी के बारे में चर्चा शुरू करने के लिए थी जिसके बारे में भारतीय समाज में शायद ही बात की जाती है। उन्होंने कहा कि वह समाज और मीडिया के सभी वर्गों से प्यार और भावनाओं का प्रवाह देखकर अभिभूत हैं। लेकिन उन्होंने कहा कि लोगों को समझना चाहिए कि उन्होंने ऐसा अभियान शुरू करने का फैसला क्यों किया। मॉडल पूनम पांडे जिंदा हैं। उनकी मौत की खबरों ने सभी को सदमें में डाल दिया था। 2 फरवरी को पूनम पांडे की मौत की खबरों ने पूरा दिन सुर्खियां बटौरा। सर्वाइक कैंसर को पूनम की टीम ने उनकी मौत की वजह बताया। राखी सावंत ने सहित कई सितारों ने पूनम पांडे की मौत पर दुखद संदेश पोस्ट किया। अब जब उन्होंने अपने जीवित होने की घोषणा की तब सभी ने उनकी ऐसी हरकत के लिए उन्हें जमकर खरी खोटी सुनाई। राखी सावंत ने सर्वाइकल कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए सोशल मीडिया पर मौत का झांसा देने के लिए पूनम पांडे की आलोचना की। कई सेलेब्स ने उनकी आलोचना करते हुए कहा है कि यह उन लोगों का पूरी तरह से मजाक है जो वास्तव में पीड़ित हैं। उन्होंने कहा कि प्रासंगिक/प्रचारित होने की सनक ने पीआर प्रबंधकों को अपने ग्राहकों को बढ़ावा देने के लिए नई ऊंचाइयों को छूने पर मजबूर कर दिया है। ऐसा लगता है कि पूनम पांडे को इसके लिए कानूनी परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। कई नेटीजन चाहते हैं कि कानून निर्माता सोशल मीडिया पर ऐसी फर्जी खबरों के खिलाफ सख्त कदम उठाएं। इस रिपोर्ट के कई लोगों पर चौंकाने वाले परिणाम हुए।

# ओटीटी पर भी हीरामंडी डेब्यू के लिए तैयार

'हीरामंडी' कलाकारों और निर्माताओं ने फिल्म के पहले लुक की झलक दिखाई। भंसाली अब ओटीटी पर भी मोस्ट अवेटेड वेबसीरीज हीरामंडी से डेब्यू करने वाले हैं। इसमें कई एक्ट्रेस एकसाथ नजर आएंगी। मेकर्स ने इसका फर्स्ट लुक रिवील कर दिया।

'हीरामंडी' के साथ भंसाली ने आजादी से पहले भारत में वेश्याओं के जीवन में प्यार और धोखे की कहानियों को बयां किया है। झलक से पता चलता है कि कभी तवायफ भी रानी की तरह रहा करती थीं। वीडियो की शुरुआत में मनीषा कोइराला अजीब सी मुस्कान के साथ दिखती हैं। इसके बाद अदिति राव रॉयल लुक में दिखती हैं। सोनाक्षी सिन्हा चेहरे पर गुस्से के साथ नजर आती हैं। ये सीरीज 1940 के दशक के भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की उथल-पुथल भरी पृष्ठभूमि पर आधारित वेश्याओं और उनके संरक्षकों की कहानियों के माध्यम से एक जिले 'हीरामंडी' की सांस्कृतिक वास्तविकता को दिखाती है। नेटफ्लिक्स इंडिया ने एक्स (ट्विटर) पर फर्स्ट लुक शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 卐एक चकाचौंध भरी दुनिया में कदम रखिए, जहां प्यार और मुक्ति का टकराव होता है। महान रचनाकार भंसाली की वेब सीरीज हीरामंडी ~ द डायमंड बाजार की पहली झलक देखें।卐 नेटफ्लिक्स ने इंस्टाग्राम पर भी झलक दिखाई है। सीरीज में ऋचा चड्ढा, शर्मिन सहगल और संजीदा शेख भी मुख्य भूमिका में हैं। अभी इसकी ऑफिशियल स्ट्रीमिंग डेट अनाउंस नहीं की गई है। बता दें कि संजय लीला भंसाली बॉलीवुड के दिग्गज डायरेक्टर हैं। भंसाली अब तक फैंस को 'हम दिल दे चुके सनम', 'देवदास', 'बाजीराव मस्तानी' जैसी शानदार फिल्मों की सौगात दे चुके हैं।



# और भी समृद्ध बनेगा भारत, सांसद ने गिनाई उपलब्धियां

**नोएडा( चेतना मंच )।** गौतमबुद्ध नगर लोकसभा सीट से बीजेपी के सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. महेश शर्मा ने रविवार को कैलाश सभागार में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया। इस दौरान बीजेपी सांसद डॉ. महेश शर्मा ने केंद्र की मोदी सरकार और सूबे की योगी सरकार के विकास कार्यों का बखान किया। साथ ही उन्होंने अपने संसदीय क्षेत्र में किए गए कार्यों को लेकर भी बात की।

प्रेस वार्ता के दौरान बीजेपी सांसद ने ग्रेटर नोएडा वेस्ट में मेट्रो को लेकर कहा कि वहां के लोगों को यातायात की बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होने कहा कि यहां के लोगों को मेट्रो सेवा की सख्त ज़रुरत है। उन्होने बताया कि ग्रेनो वेस्ट मे मेट्रो सेवा को लेकर केंद्रीय मंत्री डॉ. हरदीप सिंह पुरी से मुलाकात भी की है। ग्रेटर नोएडा वेस्ट में मेट्रो जल्द दौड़े केंद्र और यूपी की डबल इंजन सरकार भी यही चाहती है, ग्रेनो वेस्ट के लोगों का ये सपना जल्द साकार होने वाला है।

मीडिया से बात करते हुए सांसद महेश शर्मा ने कहा कि ग्रेटर नोएडा वेस्ट तक जल्द मेट्रो पहुंचेगी। इसके लिए हर प्रयास तेजी से किये जा रहे हैं। आपको बता दें पहले मेट्रो के रूट को सरकार ने खारिज कर दिया था। जिसके बाद एक बार फिर ग्रेटर नोएडा वेस्ट के निवासियों ने मेट्रो को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया था। अब सांसद के इस बयान के बाद लोगों में फिर से मेट्रो के काम में तेजी लाने की उम्मीद जगी है।




बीजेपी सांसद डॉ. शर्मा ने मोदी सरकार के अंतरिम बजट को लेकर कहा कि यह बजट पिछले वर्ष के आधार पर बनाया गया है। जो मोदी सरकार के सबका साथ, सबका विकास के आदर्श वाक्य के अनुरूप, गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी को शामिल करता है। इस बजट में भारत के जी-20 की अध्यक्षता के वर्ष के दौरान मोदी सरकार द्वारा किए गए कार्यों की रेखांकित किया गया। जिसमे प्रकृति, आधुनिक आधारभूत संरचना और सभी के लिए समान अवसरों के साथ समृद्ध भारत के दृष्टिकोण को प्राप्त करते हुए भारत को दुनिया भर में विश्वगुरु के रूप में पेश किया गया। डॉ. शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के निरंतर और दीर्घकालिक विकास के दृष्टिकोण के अनुरुप, वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर खर्च का बजट बढ़ाकर 11,11,111 करोड़ कर दिया गया है। जो देश के सकल घरेलु उत्पाद का 3.4 प्रतिशत है।

उन्होने बताया कि मोदी सरकार ने देश की आर्थिक वृद्धि को बढ़ाने के लिए बड़े पैमाने पर मजबूत बुनियादी ढांचे का निर्माण किया है। इस प्रयास का एक उल्लेखनीय उदाहरण हवाई अड्डों की संख्या में पर्याप्त वृद्धि है। जो अब 149 तक पहुंच गई है। इसके अलावा, बजट में नमो इंडिया के तत्वावधान में शहरी परिवर्तन के प्रमुख इंजन के रूप में मेट्रो रेल की कल्पना की गई है। जबकि लॉजिस्टिक्स दक्षता में सुधार और लॉजिस्टिक्स की लागत को कम करने के लिए प्रधानमंत्री-गति शक्ति के अंतर्गत तीन प्रमुख रेलवे कॉरिडोर भी प्रस्तावित किए गाए हैं।

## अन्नदाता का सर्व समावेशी विकास और कल्याण

मोदी सरकार के पिछले एक दशक के कार्यकाल में निरंतर यह सुनिश्चित करने के प्रयास किए गए हैं, कि किसान देश के विकास के केंद्र बिंदु पर बने रहे। इसके अतिरिक्त इलेक्ट्रॉनिक राष्ट्रीय कृषि बाजार द्वारा 1,361 मंडियों को एकीकृत किया गया है, और 1.8 करोड़ किसानों को 13 लाख करोड़ व्यपार क्षमताओं के साथ सेवाएं प्रदान कर रहा है। मत्स्य पालन के लिए मोदी सरकार के द्वारा एक पृथक विभाग का निर्माण किया गया।

## 'पंचामृत' लक्ष्यों को पूरा करने की ओर अग्रसर

नोएडा में मीडिया से बात करते डॉ. शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने 2021 में कॉप-26 शिखर सम्मेलन में पंचामृत का लक्ष्य रखा था। भारत ने नवीकरणीय ऊर्जा के द्वारा 50त्न स्थापित ऊर्जा क्षमता को प्राप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया था। जिसमे से वर्तमान में 43.9त्न लक्ष्य प्राप्त किया जा चुका है। पंचामृत के दृष्टिकोण को लागू करते हुए अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के दौरान प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा सूर्योदय योजना की शुरुआत की गई। जिसके अंतर्गत प्रति माह 300 यूनिट निन्शुल्क बिजली प्राप्ति के लक्ष्य हेतु 1 करोड़ घरों को छत आधारित सोलर पैनल प्रदान किए जाएंगे। इससे प्रति वर्ष प्रत्येक घर को 12 से 18 हजार की बचत होगी। पत्रकार वार्ता में भाजपा के अध्यक्ष मनोज गुप्ता, महामंत्री उमेश त्यागी व गणेश जाटव, मीडिया प्रभारी तन्मय शंकर, जिला कोषाध्यक्ष विनोद शर्मा तथा सांसद प्रतिनिधि संजय बाली मौजूद थे।

# पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

**नोएडा (चेतना मंच)।** रविवार को बी-3 अरावली अपार्टमेंट सेक्टर 34 की आरडब्ल्यूए द्वारा एचसीएल फाउंडेशन के सहयोग से ट्रिपल आर विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

आरडब्ल्यूए अध्यक्ष धर्मेन्द्र शर्मा ने बताया कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के तहत आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों एवं उपस्थित निवासियों को ट्रीपल आर के सम्बंध में विस्तृत रूप से बताया गया तथा पर्यावरण जागरूकता से सम्बंधित विषय पर पांच आयु वर्ग में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित भी किया गया जिसमें आध्या सृष्टिराज काशवी कुमारी आराध्या बाबू रावत सम्मिलित रहे।




इस दौरान आरडब्ल्यूए अध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा उपाध्यक्ष पदमा नायडू कोषाध्यक्ष आर पी प्रजापति सविता केदार ज्योत्सनामयी आचार्य रणधीर कुमार विनोद कुमार नीरज शर्मा अविनाश कुमार अजय रस्तोगी आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# काल बनकर दौड़ रहे 'स्कूली वाहन'

**नोएडा( चेतना मंच )।** फेडरेशन ऑफ नोएडा इंडस्ट्रीज ने मांग की है कि दोपहर में शहर के प्रमुख स्कूलों की छुटटी के वक्त बच्चों को ढोने वाले वाहनों की पुलिस जांच करे। जिससे पता चलेगा कि कई निजी वाहन भी कॉमर्शियल वाहनों की तरह नियमों को ताक पर रखकर बच्चों को स्कूल ले जाते हैं। इन वाहनों में क्षमता से अधिक बच्चों को ठूंस कर ले जाया जाता है। सुरक्षा के अलावा अन्य मानकों की भी ये स्कूली वाहन खुलेआम धज्जियां उड़ा रहे हैं।

फेडरेशन ऑफ इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष तरूण भारद्वाज ने इस आशय का एक पत्र पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह को लिखा है। जिसमें मांग की गई है कि स्कूलों के बाहर ऐसे वाहनों की जांच करके उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाए। श्री भारद्वाज ने बताया कि इसके पूर्व वे दो बार पुलिस कमिश्नर को पत्र लिख चुके हैं। लेकिन आज तक उस पर कोई कार्रवाही नहीं की गयी। यह तीसरी बार वे रिमाइंडर पत्र भेज रहे हैं। बता दें कि अधिकांश स्कूलों में मारूति वैन तथा अन्य निजी वाहन खुलेआम निर्धारित मानकों की धज्जियां उड़ाकर बच्चों को ढो रहे हैं।

# बजट से हर वर्ग को मिली निराशा : श्रीपाल

**नोएडा ( चेतना मंच )।** केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में पेश किए गए अंतरिम बजट में किसानों, उद्यमियों, नौकरीपेशा तथा युवाओं की खासी अनदेखी हुई है। बजट से किसान, उद्यमी, व्यापारी सहित सभी वर्ग के लोग निराश हैं। बजट में किसी भी वर्ग का ध्यान नहीं रखा गया है। केंद्र सरकार ने केवल लोक लुभावना बजट पेश कर जनता को भ्रमित करने का काम किया है। यह बात समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता श्रीपाल प्रधान ने एक बातचीत के दौरान कही।



सपा नेता श्रीपाल प्रधान ने कहा कि बजट से पूर्व लोगों को उम्मीद थी कि सरकार गरीबों और मध्यम वर्ग के लोगों के लिए नई योजनाएं लेकर आएगी। इस वर्ग की तकलीफ कम करने के लिए बजट में कुछ प्रावधान किए जाएंगे लेकिन इस बजट में ऐसा कुछ भी नहीं है। पूर्व में भाजपा सरकार ने सालाना 2 करोड़ नौकरियां देने, किसानों की आय दोगुना करने, वर्ष 2022 तक सभी को पक्का घर दिए जाने सहित कई लोक लुभावने वायदे किए थे लेकिन यह आज तक पूरे नहीं हो पाए हैं। उन्होंने कहा कि बजट से किसान, मजदूर, उद्यमी, व्यापारी सहित सभी वर्ग निराश हैं। उन्होंने कहा कि बजट में किसानों को राहत देने के लिए जमीन के मुआवजे वृद्धि सहित अन्य सुविधाओं को बढ़ाने के लिए कदम उठाना चाहिए था। केंद्र सरकार द्वारा पेश किए गए बजट में किसानों के लिए कुछ भी नहीं है। किसानों के लिए ना तो मुआवजा राशि बढ़ाई गई और ना ही कृषि उपकरणों में कोई छूट दी गई है।

श्री प्रधान ने कहा कि अंतिम बजट में उद्योग के लिए भी कोई ठोस रणनीति नहीं बनाई गई है। व्यक्तिगत आयकर में भी कोई बदलाव नहीं किया गया है और ना ही उद्योगों को टैक्स में रियायत दी गई है। वर्तमान में देश की जनता गरीबी बेरोजगारी व बढ़ती हुई महंगाई से त्रस्त है। इस बजट में इन मुद्दों पर भी कोई ध्यान नहीं दिया गया है। बजट में नौकरी पेशा करदाता, किसानों, युवाओं व उद्योगों का ध्यान नहीं रखा गया है जिस कारण यह बजट पूरी तरह से लोगों के लिए निराशाजनक बजट साबित हुआ है।

# 11 को नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर : मुकुल बाजपेइ

**नोएडा (चेतना मंच)।** ब्राह्मण समाज सेवा समिति द्वारा 11 फरवरी को रक्तदान शिविर ,नेत्र जांच शिविर, दन्त जांच शिविर व होम्योपैथि जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर सेक्टर-31 स्थित रोटरी क्लब में लगेगा।

ब्राह्मण समाज सेवा समिति की बैठक श्री सनातन धर्म मंदिर, सेक्टर 19 नोएडा में हुई। इस बैठक में शिविर मे 251 यूनिट ब्लड दान करने का लक्ष्य रखा है। अभीतक 186 सदस्यों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। रजिस्ट्रेशन जारी है।

बैठक में मुकुल बाजपेई, हरीश मिश्र, मनोज तिवारी, विकास तिवारी, बी एम त्रिपाठी, आकाश तिवारी, ठाकुर प्रसाद तिवारी, संजय मिश्र, धर्मेन्द्र तिवारी, अनूप तिवारी, कमलेश तिवारी, संदीप पाण्डे, अमरेन्द्र तिवारी, रामकुमार पाण्डे, दिनेश पाण्डे व कई सदस्य उपस्थित रहे।

# क्रिकेट के विवाद में एक युवक की पीट-पीटकर हत्या

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा में एक क्रिकेट मैच के दौरान कुछ युवकों के विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि तीन लोगों ने मिलकर एक युवक की हत्या कर दी। बताया जा रहा कि जान बचाने के चक्कर में नाले में गिर गया था। नाले में गिरने के बाद भी आरोपियों ने उसे पीटना जारी रखा जिससे उसकी मौत हो गई।

मामला ग्रेटर नोएडा के बिसरख कोतवाला इलाके के चिपियाना का है। जहां क्रिकेट खेल रहे कुछ युवकों में नो बॉल को लेकर खिलाड़ियों में विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि तीन युवकों ने मिलकर एक युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी। हत्या की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने तीन नामजद समेत अन्य पर केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। इस मामले में पुलिस कुछ संदिग्ध लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

घटना को लेकर एडीसीपी सेंट्रल नोएडा हिरदेश कठेरिया ने बताया कि मूलरूप से मेरठ निवासी कैब चालक सुमित ग्रेटर नोएडा वेस्ट के चिपियाना स्थित साईं उपवन में परिवार के साथ रहता था। रविवार दोपहर ग्रेनो वेस्ट स्थित मैदान में सुमित अन्य लड़कों के साथ क्रिकेट मैच खेलने गया था। मैच के दौरान सुमित का दूसरे पक्ष के युवक से विवाद हो गया। देखते ही देखते दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई हुई।




बिसरख कोतवाली प्रभारी के मुताबिक दूसरे पक्ष के युवकों की संख्या अधिक थी। उनके हावी होने पर सुमित वहां से भागने लगा। सुमित ने छलांग लगाकर नाले को पार करने का प्रयास किया। इसी प्रयास में वह नाले में गिर गया। पीछे से पहुंचे आरोपियों ने बचाने के बजाय ईंट से हमला कर दिया। सिर में ईंट लगने से सुमित की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने सुमित के शव को नाले से बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। डीसीपी सुनीति ने बताया कि मामले में नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है। वहीं कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। आरोपियों में एक होमगार्ड भी बताया जा रहा है।

पुलिस के मुताबिक सुमित मैदान में घिरने के बाद करीब 200 मीटर तक भागा। सामने नाले आने पर वह फंस गया। तीन आरोपी मैदान से बाइक लेकर सुमित का पीछा करते हुए उसके करीब पहुंच गए। तीनों को करीब आता देख सुमित ने करीब 15 फुट चौड़े नाले को फांदने का प्रयास किया। सुमित ने उस जगह से कूदने का प्रयास किया जहां चौड़ाई कम थी। लेकिन वह कामयाब नहीं हुआ। गहरे नाले में गिरते ही वह कीचड़ में फंस गया। तभी आरोपियों ने नाले में सुमित पर ईंट फेंककर हमला कर दिया। जिसके बाद उसकी मौत हो गई।

# कुत्तों के विवाद में 14 एवेन्यू सोसाइटी के निवासियों ने सड़क जाम कर प्रदर्शन किया

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेनो वेस्ट सेक्टर-16सी स्थित गौर सिटी 14 एवेन्यू निवासियों ने कुत्तों के विवाद में सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। सोसाइटी में आये दिन आवारा कुत्तों द्वारा निवासियों और बच्चों को काटने के मामले में विवाद में निवासियों ने प्रदर्शन कर आवारा कुत्तों को सोसाइटी से बाहर निकालने की मांग की। साथ ही कुत्ते प्रेमियों द्वारा बच्चे पर एफआईआर दर्ज करने के मामले में रोष प्रकट किया।

गौर सिटी-2 के 14 एवेन्यू सोसाइटी में पार्क में खेलते समय एक बच्चे ने कुत्ते के एक पिल्ले को उठाकर बेसमेंट की पार्किंग में नीचे फेंक दिया। कुत्ते प्रेमियों ने इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया। पशु प्रेमियों की संस्था पीएफए की एक सदस्य ने बच्चे और उसके परिजन के विरुद्ध कार्रवाई करने करने के लिए बिसरख कोतवाली में एफआईआर दर्ज कराया। इसी बात को लेकर सोसाइटी में निवासियों और कुत्ते प्रेमियों के बीच विवाद शुरू हो गया।



निवासियों ने बताया कि प्राधिकरण ने सोसाइटी में आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिए एक गाड़ी भेजी। जैसे ही प्राधिकरण से आए हुए लोग सोसाइटी के अंदर लावारिस कुत्तों को पकड़ने लगे एक पशु प्रेमी महिला नीचे उतरकर आ गई और निवासियों के साथ मारपीट करने लगी।

पशु प्रेमी महिला ने एक 80 साल की बुजुर्ग महिला को थप्पड़ जड़ दिया और धक्का दे दिया। बुजुर्ग महिला के साथ मारपीट से गुस्साए निवासियों ने सोसाइटी के बाहर की स ?क को जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। निवासियों ने पुलिस को मामले की सूचना दी। निवासियों द्वारा पशु प्रेमी के विरुद्ध मारपीट करने के लिए बिसरख कोतवाली में शिकायत दी गई है लेकिन बिसरख कोतवाली ने अभी तक कोई एफआईआर दर्ज नहीं किया है।

निवासियों ने बिसरख कोतवाली पर पशु प्रेमियों के खिलाफ कोई कार्यवाही ना करने का आरोप लगते हुए कहा कि पुलिस ने बच्चे और उसके परिजन के खिलाफ बड़ी जल्दी एफआईआर दर्ज किया लेकिन अब पशु प्रेमियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने में आनाकानी कर रहे। निवासियों का आरोप है कि जिस बच्चे और परिजन के विरुद्ध शिकायत की गई है, वह भी सरासर गलत है। बच्चे के फेंकने पर कुत्ते की मृत्यु नहीं हुई है। उसके पैर में चोट आई है। वहीं, बच्चे की भी मानसिक स्थिति भी ठीक नहीं है।

